Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 06, अंक 174 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, सोमवार 29 जुलाई 2024 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीरों के लिए खुशखबरी, सरकार ने किया ये बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेना के अग्निवीरों के लिए राज्य पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक के रूप में आरक्षण देने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि समर्पण और राष्ट्र भक्ति की भावना से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले अग्निवीरों के लिए राजस्थान सरकार ने राज्य पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक के रूप में आरक्षण का प्रावधान रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के इस फैसले से अग्निवीरों को देश की सेवा के बाद प्रदेश में भी काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी कार 8 की मौत

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मौत हो गई। हादसा सिमथान-कोकेरनाग रोड पर हुआ जहां एक वाहन के खाई में गिर जाने से पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक के नियंत्रण खो जाने से ये हादसा हुआ। गाड़ी में सवार सभी लोग किश्तवाड़ से आ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि छ्य03 ॥ 9017 रजिस्ट्रेशन की सूमो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डकसुम के पास सड़क से नीचे लुढ़क गई। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, वाहन में एक ही परिवार के 8 लोग थे, जिनमें 5 बच्चे और दो महिलाएं शामिल थींय़ इसके साथ ही एक व्यक्ति भी था। ये परिवार किश्तवाड़ से आ रहा था। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कॉलेज के हॉस्टल में घुसकर पुलिस ने बरसाई लाठियां, छात्रों की जमकर की पिटाई

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित केकेएम कॉलेज के हॉस्टल में शुक्रवार रात पुलिसकर्मियों ने करीब एक दर्जन छात्रों की बुरी तरह पिटाई की। 10 से ज्यादा ज्यादा छात्र घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पाकुड़ सदर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। छात्रों ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ शनिवार को आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया था। आरोप है कि पुलिस अफसरों ने देर रात हॉस्टल पहुंचकर रैली रोकने का दबाव डाला। इनकार करने पर लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई की गई। दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि एक व्यक्ति के अपहरण की सूचना पर मोबाइल लोकेशन की जांच करते हुए पुलिस टीम हॉस्टल पहुंची थी, तब उनपर छात्रों ने हमला कर दिया। छात्र नेता कमल मुर्मू ने मीडिया को बताया कि पहले से निर्धारित आक्रोश रैली को रोकने के लिए बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक पुलिस पदाधिकारी हॉस्टल में आए और उनसे कहा कि रैली नहीं निकलनी चाहिए। छात्रों ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद रात करीब एक बजे 100 से भी ज्यादा पुलिस अफसर और जवान लाठी-डंडे लेकर हॉस्टल पहुंचे और छात्रों के कमरे खुलवाकर पिटाई की।

12 साल का इंतजार खत्म

## मनुभाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज

पेरिस/ एजेंसी

शेटराउ स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को यहां महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फइनल में कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक के भारत के 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला. वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं. पेरिस से लगभग 300 किमी की दूरी पर स्थित निशानेबाजी रेंज में राइफ्ल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफ्ल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफ्ल के फइनल में जगह बनाकर पदक की उम्मीद जगाई. यहां के दृश्य तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक से बिल्कुल विपरीत थे जब भारत का प्रतिनिधित्व करने गए 15 निशानेबाजों में से केवल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ही फइनल तक पहुंच पाए थे. मनु भी तोक्यो में भारतीय टीम का हिस्सा थी और पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद निशानेबाजी रेंज से राते हुए बाहर निकलीं थीं. इस निशानेबाज ने कहा, तोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा. सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं. मनु का तोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान थी. उन्होंने कहा, भगवद गीता में कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि 'तुम अपने कर्म पर ध्यान दो, कर्म के परिणाम पर नहीं.' बस यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी. लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है. लंदन में विजय कुमार ने पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रजत जबकि गगन नारंग ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफ्ल में कांस्य पदक जीता था. रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे. हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता. भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ0.1 अंक पीछे थीं जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ रजत पदक जीता. किम की हमवतन ये जिन ओह ने 243.2 अंक से फइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया. उन्होंने कहा, मैं अपनी पूरी ऊर्जा के साथ लड़ रही थी. मैं आभारी हूं कि कांस्य पदक जीत सकी. मैंने भगवद गीता पढ़ी है और हमेशा वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए, बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया. पच्चीस मीटर पिस्टल स्पर्धा की विश्व चैंपियन निशानेबाज ने कहा,हम भाग्य से नहीं लड़ सकते.



### प्रधानमंत्री ने पदक जीतने पर मनु भाकर को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीतने पर मनु भाकर को रविवार को बधाई दी और कहा कि उनकी सफ्लता और भी खास है, क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बनी हैं. स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फइनल में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला और ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं. मनु ने आठ निशानेबाजों के फइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया.मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक ऐतिहासिक पदक! पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का पहला पदक जीतने के लिए कांस्य पदक के लिए मनु भाकर को बधाई. यह सफ्लता और भी खास है, क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं.

### एशियाई खेलों की टीम में नहीं थीं मनु भाकर

महज नौ माह पहले तक मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल की भारतीय टीम में भी शामिल नहीं थीं। बीते वर्ष वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में खेलीं, लेकिन इस इवेंट की टीम में नहीं थीं। यह वह इवेंट है जो उनके दिल के सबसे करीब है। एशियाड से पहले मनु भाकर ने पिछले सारे विवादों को भुलाकर कोच जसपाल राणा का हाथा थामा तो इसकी एक वजह 10 मीटर एयर पिस्टल में वापस प्रभुत्व स्थापित करना था। एशियाड के बाद मनु का समर्पण और जसपाल का साथ काम आया। मनु ने न सिर्फ10 मीटर एयर पिस्टल की ओलंपिक टीम में जगह बनाई बल्कि शनिवार को क्वालिफइंग दौर में 580 का विश्वस्तरीय स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए इस इवेंट के फइनल में भी जगह बनाई।मनु 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 70 से अधिक राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2021 में हुए ओलंपिक में वह सातवें स्थान पर रहीं। 2023 में मनु ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था।

मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर प्रियंका गांधी तक

## तमाम नेताओं ने जवाबदेही तय किए जाने की मांग की:कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली के 'ओल्ड राजेंद्र नगर' इलाके में एक कोचिंग संस्थान की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भरने के कारण तीन विद्यार्थियों की मौत होने के मामले में जवाबदेही तय किए जाने की रविवार को मांग की और पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर स्तर पर संस्थानों की गैर-जिम्मेदारी की कीमत आम लोग चुका रहे हैं। मध्य दिल्ली के 'ओल्ड राजेंद्र नगर' इलाके में शनिवार को भारी बारिश के बाद एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि सरकार और प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के कारण राजधानी में एक आईएएस कोचिंग संस्थान के 'बेसमेंट' में पानी भरने की वजह से तीन युवाओं की जान चली गई। उन्होंने कहा, ''हम शोकसंतप्त परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।'' उन्होंने बताया कि इससे पहले, पटेल नगर में जलभराव के बाद करंट लगने से एक सिविल सेवा परीक्षा के एक अन्य अभ्यर्थी की मौत हो गई थी।कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिन में, करंट लगने से आठ लोगों की जान गई है। दिल्ली को कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाया था। आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। आए दिन हादसे होते रहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश की राजधानी में इस तरह का हादसा होना हम सभी के लिए अत्यंत चिंता की बात है।

### भरतपुर : कामां में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**कामां।** कामां थाना क्षेत्र के गांव गुड़गांव में 11 हजार केवी विद्युत लाइन के झूलते और लटकते तारों से करंट लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गुंडगांव निवासी मुबीन पुत्र मौहम्मद खां के रूप में हुई है।इस दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ढीले और लटकते तारों की शिकायत की थी, लेकिन विद्युत विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही का नतीजा मुबीन को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

नीति आयोग की बैठक में ममता का अपमान

## लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं:संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि नयी दिल्ली में एक दिन पहली हुई नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का ''अपमान'' लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। राउत ने पत्रकारों से कहा कि राज्यों के कई मुद्दे हैं, जिनसे निपटने की जरूरत है और किसी मुख्यमंत्री का माइक्रोफोन बंद करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। ममता शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित नीति आयोग



की बैठक बीच में छोड़कर बाहर निकल गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। हालांकि, सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया गया।

आईएएस कोचिंग पर राहुल गांधी ने दी प्रतिक्रिया

## असुरक्षित निर्माण की कीमत लोग जान गंवाकर चुका रहे..

नयी दिल्ली। एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यार्थियों की मौत पर रविवार को शोक जताया। राहुल गांधी ने कहा कि आम लोग असुरक्षित निर्माण, खराब नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थानों के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं।कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में



कहा, दिल्ली की एक इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान करंट लगने से एक अभ्यर्थी की मौत हो गई थी। सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, इस तरह का असुरक्षित निर्माण तंत्र की साझा असफ्लता है। असुरक्षित निर्माण, लचर नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थाओं के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवाकर चुका रहे हैं। गांधी ने कहा कि एक सुरक्षित एवं आरामदायक जीवन हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकारों का दायित्व है दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया।

### 2016 के ड्रग मामले में ममता कुलकर्णी को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बॉलीवुड स्टार ममता कुलकर्णी के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है। अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं..इसलिए केस बंद किया जाता है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशमुख की बेंच ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग केस को खारिज कर दिया है।अभिनेत्री ने अपने पति के साथ केन्या में बसने से पहले लगभग 50 हिंदी फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का पति विक्की गोस्वामी एक ड्रग माफिया है।

वाल्मीकि घोटाले पर सीतारमण

## क्या एससी-एसटी के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है

बेंगलुरु/ एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या आदिवासी वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है. कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति निगम में 88 करोड़ रुपये के अवैध अंतरण सहित 187 करोड़ रुपये के घोटाले का जिक्र करते हुए सीतारमण ने सिद्धरमैया पर तथ्यों को छिपाने और केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया, क्योंकि इसमें एक



राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक अधिकारी शामिल थे. सिद्धरमैया ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए क्योंकि इसमें बैंक शामिल थे. सीतारमण ने कहा, वह ऐसा इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उन्हें इस तरह की बातें करने की आदत हैज्यह बहुत गैरजिम्मेदाराना है. आपके मंत्री ने इस्तीफा दियाज्आपके लोग कह रहे हैं कि पैसा निजी खातों में जमा किया गया.मंत्री ने कहा कि बैंक अधिकारियों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और आगे भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उन्हें कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा हालांकि, उन्होंने सवाल किया, किसकी चूक पर एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा? दोष मढ़ने का प्रयास किया गया, यह कहा गया कि कोई घोटाला नहीं हुआ है.

मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा

## मानसड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में एक बहुत बड़ा कदम है...मोदी

नईदिल्ली । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर परिवार कि यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में न आ जाए। अब ऐसे लोगों की मदद के लिए सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है जिसका नाम है मानस। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में यह बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। इस पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति जरूरी सलाह ले सकता है। अगर किसी के पास ड्रग्स से जुड़ी कोई दूसरी जानकारी है तो वे इसी नंबर पर कॉल करके नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ यह सूचना साझा भी कर सकते हैं। यहां हर जानकारी गोपनीय रखी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटे सभी लोगों से, सभी परिवारों से, सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि मानस हेल्पलाइन का भरपूर उपयोग करें। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान टाइगर डे का भी जिक्र किया। 29 जुलाई को टाइगर डे मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तो बाघ हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। हम सब बाघों से जुड़े किस्से कहानियां सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गांव के लोगों को पता होता है कि बाघों के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। उन्होंने कहा, हमारे देश में ऐसे कई गांव हैं जहां इंसानों और बाघों के बीच टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व



प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जन भागीदारी का ऐसा ही प्रयास है कुल्हाड़ी बंद पंचायत। राजस्थान के रणथंभौर से शुरू हुआ कुल्हाड़ी बंद पंचायत, अभियान बहुत दिलचस्प रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं कटेंगे। इस एक फैसले से यहां के जंगल एक बार फिर से हरे भरे हो रहे हैं जो बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र का ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व बाघों के प्रमुख बसेरों में से एक है। यहां के स्थानीय समुदायों ने इको टूरिज्म की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने जंगल पर अपनी निर्भरता को कम किया है ताकि यहां बाघों की गतिविधियां बढ़ सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश के चेंचू जनजाति के प्रयास भी हैरान कर देंगे। उन्होंने जंगल में वन्य जीवों के मूवमेंट की हर जानकारी एकत्र की है। इसके साथ ही वे इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की निगरानी भी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम भी काफी चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को बाघ मित्र के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। यह बाघ मित्र इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति न बने। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के कई प्रयास जारी हैं।

### खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा : मोदी

मोदी ने रविवार को कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है तथा खादी एवं हथकरघा की बढ़ती बिक्री बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है. आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 112वीं कड़ी में मोदी ने कहा कि जो पहले कभी खादी के उत्पादों का उपयोग नहीं करते थे, वह भी आज बड़े गर्व से खादी पहनते हैं. उन्होंने देशवासियों से खादी के कपड़े खरीदने का आग्रह भी किया. उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए आनंद महसूस हो रहा है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### पाटन में कारगिल के शहीदों को दिया गया श्रद्धांजलि, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक पाटन का आयोजन



**पाटन (समय दर्शन)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक - पाटन द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह तथा कारगिल युध्द के दौरान मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रध्दांजलि देने एवं शहीद परिवारों का सम्मान समारोह का आयोजन पाटन स्थित स्वामी आत्मानंद आडोटोरियम में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों भी बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ मौजूद दे।

मुख्य अतिथि कर्नल डॉ. हरिन्द्र त्रिपाठी जी (प्रांतीय अध्यक्ष अ.भा.पू.सै.से.प. छत्तीसगढ थे। अध्यक्षता अनिल देशमुख (जिला अध्यक्ष अ.भा.पू.सै.से.प. दुर्ग) ने किया। विशिष्ट अतिथि : श्रीमती श्रीमती शोभा श्रीवास्तव जी (प्राचार्य कॉजेल पाटन) अनिल साहू थाना प्रभारी पाटन, देवलाल यादव (प्राचार्य ए के गोयल पब्लिक स्कूल पाटन) मयंक कटकवार (प्राचार्य कृष्णा पब्लिक स्कूल पाटन) श्रीमती वेलेंटीना मेसी (प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्कूल पाटन) , मानी लाल निषाद थे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों कौशल यादव और कारगिल लड़ाई में शहीद जवानों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### कमला कालेज में कारगिल विजय दिवस पर पंच प्रण-प्रतिज्ञा कार्यक्रम संपन्न




**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस विशेष महत्तम अवसर पर पंच प्रण-प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं अन्य विशेष कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाई के द्वारा आयोजित किये गये। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा कारगिल विजय दिवस स्मारक के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजली अर्पण कर अमर शहिदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापकगण तथा एनण्सीण्सी एवं रासेयो छात्राओं द्वारा भी स्मारक तैल्य चित्र पर सलामी एवं पुष्पांजली अर्पित की गई।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी को सुसंस्कार व्यक्तित्व निर्माण तथा राष्ट्र को विकास पथ पर अग्रसर करने हेतु पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलाई गई। साथ ही संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा कारगिल विजय की शौर्य गाथा के संबंध में अभिप्रेरक विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कारगिल विजय के अमर शहिदों के प्रति संभाषाण कविताएं व्यक्त किये गये तथा संस्कृतिक गीत, नाटिका प्रस्तुत कि गई तथा कारगिल विजय शौर्य गाथा से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कारगिल विजय आपरेशन में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान में एनसीसी, एनएसएस इकाई के तत्वाधान में डॉ. आलोक मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा कदम, आंवला वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का श्रेयस्कर संचालन डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा कारगिल आपरेशन विजय की संक्षिप्त जानकारी कारगिल विजय की महत्ता एवं परमवीर चक्रए महावीर चक्रए एवं वीर चक्र से सम्मानित अमर शहीदों की शौर्य, साहस, वीरता के विवरण के साथ सभी को राष्ट्र रक्षा के लिए गौरव आवाहन भी किया। कार्यक्रमों का श्रेष्ठ संयोजन श्रीमती रामकुमारी धुर्वा एवं श्रीमती तारा ठाकुर प्रभारी प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ एवं समापन अवसर पर एनसीसी, एनएसएस छात्राओं द्वारा वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे राष्ट्र भक्ति प्रेरणा के नारे गुंजायमान किये गये।

# तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा


### 1 सितंबर को होगी तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह




**पाटन (समय दर्शन)।** तहसील साहू संघ पाटन की कार्यकारिणी बैठक शुकवार को साहू सदन पाटन में तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे विभिन्न विषयो पर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामुहिक आदर्श विवाह 2024 आय-व्यय की जानकारी, सत्र 2023- 2024 आमसभा की तैयारी पर चर्चा, तीज मिलन समारोह के आयोजन पर चर्चा, आगामी तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं विशाल आदर्श विवाह के आयोजन पर चर्चा, आमसभा में सुझाव पत्र आमंत्रित करने बाबत स्थानीय / परिक्षेत्र / तहसील साहू संघ द्वारा के विषय पर चर्चा, सामूहिक आदर्श विवाह एवं विशाल कर्मा जयंती ग्राम पतोरा के लिए निर्धारित दान राशि अप्राप्त ग्रामीण इकाई पर निर्णय पर चर्चा किया गया। तहसील साहू संघ पाटन द्वारा समाज में महिलाओं की भागीदारी के लिए तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 1सितंबर को तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमे समाज की महिलाओं द्वारा गीत,नृत्य, शिक्षा प्रद प्रहसन के माध्यम से सामाजिक जागरूकता पेश की जाएगी। साथ ही रंगोली,व्यंजन,फुगड़ी एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता भी होगा जिसमे पाटन तहसील के 99 इकाई के हजारों महिला भाग लेंगे।

**अप्रैल 2025 में होगी सामूहिक आदर्श विवाह-** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विगत 22 वर्षो से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष का आयोजन अप्रैल 2025 में झीठ परिक्षेत्र में होगी। मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश साहू,खेमलाल साहू,गंगादीन साहू,धनराज साह सहित अन्य उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा : कमल सोनी



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी व भाजपा के युवा नेता कमल सोनी ने केंद्र के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट की सहारना की है। यह बजट आम जनता के लिए हितैषी बजट है। जिसमें मोदी सरकार ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है। श्री सोनी आगे कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपये, महिलाओं के लिए तीन लाख करोड़, तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए दो लाख करोड़ खर्च करके चार करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दी जाएगी। इस बजट में किसानों और बेरोजगारों का विशेष ख्याल रखा गया है। कई जरूरी चीज सस्ती होने से जनता को बड़ी राहत मिलने वाली है। गरीब, किसान, मजदूर व युवाओं सहित महिलाओं के उत्थान वाली बजट पेश की है। बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला बजट है, जिससे हमारा देश अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई उंचाई को छुएगा।

## सफाई के लिए कर रहे है रात दिन मेहनत, नगर पंचायत पाटन में अब रात को भी चौक चौराहा की होने लगी है सफाई




**पाटन (समय दर्शन)।** नगर पंचायत पाटन में इन दोनो सफाई को लेकर काफी सजगता दिख रहा है। एक तरफ सफाई कर्मी दिन रात मेहनत कर रहे है वही नगर के जनता का भी सहयोग मिल रहा है। नगर लोग भी अब नगर को साफरखने में योगदान दे दे हैं वे कचरा को कचरे डब्बा में ही डाल रहे है। सुखा कचरा और गीला कचरा अलग अलग रख रहे है। स्वछता मे 5 स्टार रेटिंग पाकर पूरे देश मे पाटन का नाम रौशन करने वाली नगर पंचायत और उनके कर्मचारी पाटन को स्वच्छ बनाने के साथ स्वछता मे पाटन का नाम फिर से पूरे देश मे रौशन करने के लिए दिन रात एक कर कड़ी मेहनत कर रही है। नगर पंचायत के नए सी.एम.ओ सौरभ बाजपेयी द्वारा नगर मे रात मे भी नगर के चौक चौराहो को साफसफाई करने का आदेश जारी हुआ है जिसकी सभी पाटन वाशी प्रशंशा कर रहे है। उसी कड़ी मे नगर पंचायत की सफाई टीम आज रात सफाई इंचार्ज जलज पाण्डेय के नेतृत्व मे स्वामी आत्मानंद स्कूल वाले रास्ते को स्वच्छ बनाने मे जुटे रहे। सफाई इंचार्ज जलज पाण्डेय के नेतृत्व मे सफाई टीम नगर के सभी चौक चौराहो को रोजाना दिन रात साफ सफाई कर स्वच्छ बना रही है जिससे नगर पंचायत पाटन स्वछता मे मिशाल पेश कर रही है।

## जिला प्रशासन एवं एनएमडीसी किरन्दुल की टीम द्वारा तत्काल राहत पंहुचाने का कार्य मिशन मोड पर जारी

### प्रभावित परिवारों को मूलभूत सुविधा मिलने से राहत बनाए गए स्वास्थ्य शिविर,दी जा रही मुआवजा राशि





**दंतेवाड़ा (समय दर्शन)।** दंतेवाड़ा जिले के किरन्दुल में 21 जुलाई को को समय 3 बजे को एन.एम.डी.सी. लौह अयस्क खनन क्षेत्र 11-सी में स्थित डेम के पूर्वी दीवार के बह जाने के कारण नगर पालिका क्षेत्र किरन्दुल में लौह युक्त जल के बहाव से वार्ड कमांक 01, 03, 04, 05, 06 एवं 18 के कुल 216 परिवार के घरों में गाद युक्त मिट्टी भर जाने एवं नगर पालिका क्षेत्र किरन्दुल में जुलाई माह के प्रथम 20 दिवस में ही कुल औसत वर्षा का 151 प्रतिशत वर्षा होने एवं लगातार भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उक्त बहाव से लगभग 10 मकान पूर्ण रूप से 192 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए है। इस हादसे से प्रभावितों के मकानों के साथ घरेलू सामान यथा कपड़े, बर्तन, दो पहिया वाहन, फ्रीज, टी.वी., पंखा, आदि बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुये तथा सभी मकानों में लौहयुक्त मिट्टी का जमाव हुआ। उक्त बाढ़ की स्थिति से पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन तथा एन.एम.डी.सी. किरन्दुल की टीम द्वारा तत्काल राहत पंहुचाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस संबंध में पूर्ण क्षतिग्रस्त परिवारों को राहत कैम्प (मंगल भवन किरन्दुल) में विस्थापित किया गया। अब तक सभी पीड़ित परिवारों को लगातार भोजन (सुबह, दोपहर, रात्रि) को उपलब्ध कराने के साथ-साथ। सभी पीड़ित परिवारों को मूलभूत आवश्यकता जैसे कपड़ा (प्रत्येक सदस्य को दो जोड़ी), गद्दा, तकिया, कंबल, सूखा राशन किट का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन की स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी प्रभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है, और सभी संभावित मौसमी बिमारियों की जांच की जा है। एवं नगर में कुल 03 जगह (आंगनबाड़ी केन्द्र बंगाली कैम्प होम्यापैथी अस्पताल के पास, सी.एस.सी. सेन्टर बंगाली कैम्प, आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक-01 राय कैम्प) स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया है। प्रभावित सभी घरों में गाद युक्त मिट्टी सफाई, नाली सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था हेतु क्षतिग्रस्त पाईप की मरम्मत की जा चुकी है, पानी की जांच उपरांत पेयजल व्यवस्था प्रारंभ की जायेगी। वर्तमान में नगर पालिका द्वारा टैंकर के माध्यम से पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। एन.एम.डी.सी. किरन्दुल द्वारा सभी पीड़ित परिवारों को तत्कालिक सहायता के रूप में 20000/- (बीस हजार रुपये) की सहायता राशि चेक के माध्यम से वितरण किया गया है, तथा विस्तृत क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा का भुगतान किया जायेगा।

## कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर विचार गोष्ठी रंगोली एवं शहीदों की स्मृति में मौन धारण भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया




**जांजगीर (समय दर्शन)।** राधा कृष्ण शिक्षा समिति एवं पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ मनाई गई, इस अवसर पर महाविद्यालय में विचार गोष्ठी, रंगोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बी. एड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों द्वारा कारगिल विजय दिवस पर विचार प्रस्तुत किए गए जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय सैनिकों के अथक प्रयास एवं मेहनत से लंबे समय से चल रहे युद्ध में सफलता हासिल की अंतिम रूप से 26 जुलाई 1999 को इस युद्ध को पूरी तरह से जीत लिया, परंतु इस युद्ध में सफलता मिलने के साथ ही हमारे कई जवान भी शहीद हुए हैं जिनके बलिदान को हम कभी भुला नहीं पाएंगे। प्रशिक्षार्थियों के द्वारा ना सिर्फ विचार प्रस्तुत किए गए बल्कि रंगोली बनाई गई एवं, मोमबत्तियां जलाकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एच डी एफसी बैंक से सुश्री शिखा सिंह सेंगर, महाविद्यालय के संचालक श्री विनोद अग्रवाल, महाविद्यालय की उप प्राचार्य सुश्री सिम्पल रजक एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्र ङ्क छात्राएं भी उपस्थित रहे , इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के जंतु विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री अखेंद्र कुमार जांगड़े द्वारा किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओ में पंचायत और निकाय चुनाव के लिए भरा जोश, भाजपा मध्य मंडल पाटन की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक रेस्ट हाउस में हुई सम्पन्न



**पाटन (समय दर्शन)।** भाजपा प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार मध्य मण्डल की विस्तृत कार्यसमिति बैठक का आयोजन 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे रेस्ट हाउस पाटन में भाजपा मध्यमण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू की अध्यक्षता में आहूत की गईद्य उक्त बैठक में मुख्य वक्ता ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा मौजूद है। इसके अलावा मंडल के वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव तथा त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव जिसे लेकर काफी गहन मंथन किया गया। बूथ वार किस तरह से भाजपा को और मजबूत किया जा सकता है इसकी बारे में वक्ताओं ने विस्तार से जानकारी दिया। मुख्य वक्ता विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कहा की भाजपा के एक एक कार्यकर्ता काफी दमदार है। यही वजह है की कांग्रेस की सरकार प्रदेश से उखाड़ फेंक दिया। अब नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में भी जोश और होश के साथ डटकर काम करना है। भाजपा कार्यकर्ता ही जी जान से काम कर भाजपा की शिखर तक ले जा रहे है। मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने मध्य पाटन मंडल में पार्टी में जो गतिविधि चल रही है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दिया लोकसभा चुनाव में मध्यमण्डल के 82 बूथों में 56 बूथों में जीत के साथ पूरे मंडल को 4389 वोटों से जीत दर्ज कर पूरे विधानसभा में 24643 वोट से विजयी होने पर बूथ के कार्यकर्तावो को बधाई प्रेषित किया गया और सबको दिशा निर्देश दिया गया कि इसी तरह हम सब मिलकर कार्यकर्ता का चुनाव नगर पंचायत पाटन और ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत के चुनाव को भी जीतेंगे द्य किंतु परंतु के विषय को त्यागकर समर्पित भाव से पूरी मेहनत और लगन से काम करते रहे । जो कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां समझकर कार्यरत रहे उन्ही का सम्मान है द्य जो मौका परस्त है उनको सम्मान देने की जरूरत नही है द्य समय के साथ अपना विचार बदलने वाले दोगले कार्यकर्ताओ पर विश्वास नही करते हुए उनको दूर ही रखा जाएगा द्य संगठनात्मक आगामी कार्ययोजना को विस्तार से विनय चन्द्राकर ने बताया द्य पाटन नगर भाजपा अध्यक्ष होरी लाल देवांगन ने नगर पंचायत पाटन में हो रहे भ्रस्टाचार के बारे में पार्टी को अवगत कराते हुए आगामी दिनों में पाटन की जनता के साथ घेराव करने की जानकारी दिया द्य महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी ने लोकसभा में देश राष्ट्रपति महामहिम श्रीमति द्रोपदी मुर्मू जी के अभिभाषण का वाचन किया गया द्य राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन दिनेश साहू उपाध्यक्ष ने किया द्य देश के लगातार तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई संदेश प्रस्ताव का वाचन कुणाल शर्मा ने किया जिसका समर्थन शरद बघेल और मेहत्तर वर्मा ने किया द्य आभार प्रर्दशन योगेश निक्की भाले के द्वारा किया गया द्य बैठक के अंत में भाजपा परिवार से जुड़े सदस्यों की देवलोकगमन साथियो के नाम का वाचन करते हुए राजा शर्मा ने श्रद्धांजलि दिया द्य इसके अलावा राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, चंद्रिका साहू मंत्री महिला मोर्चा भी मंच में थे। बैठक का संचालन हरिशंकर साहू महामंत्री ने किया द्य

उक्त कार्यसमिति बैठक में मध्य मंडल भाजपा संगठन पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, मंडल कार्यसमिति, मंडल में निवासरत प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यगन, मंडल के समस्त मोर्चा/प्रकोष्ठ अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारीगण, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक ,सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बी एल ए दो, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, समर्थित जनपद सदस्यगण, सरपंचगण उपस्थिति थे।

कार्यसमिति बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य वक्ता ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्यमण्डल, शरद बघेल पूर्व अध्यक्ष,मेहत्तर वर्मा, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष, होरीलाल देवांगन अध्यक्ष भाजपा पाटन,राजा पाठक सांसद प्रतिनिधी, महामंत्रीद्वय हरिशंकर साहू,विनय चंद्राकर, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे द्य

सार समाचार

## अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** सरस्वती नगर और खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने बरगद झाड़ के पास कुकुरबेड़ा में दबिश देकर आरोपी काशीराम निर्मलकर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 26 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा में दबिश देकर आरोपी राजू नारंग 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है।

## गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** तेलीबांधा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 22 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मरीन ड्राइव स्थित अमृत तुल्य चाय दुकान के पास गांजा बेचते आरोपी संजय मराठा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 22 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सरेआम शराब पीते 13 लोग गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते महिला सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने रामनगर कबीर चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सीताराम साहू 42 वर्ष व कृष्ण कुमार साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सागर साहू 30 वर्ष व प्रमोद निषाद 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी रूपेंद्र वर्मा 30 वर्ष व नरेंद्र पटेल 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी रामेश्वर प्रसाद साहू 30 वर्ष, जीवन लाल कुर्रे 34 वर्ष, कृष्णा शर्मा 25 वर्ष, गणेश साहू 25 वर्ष, दुर्गेश यादव 27 वर्ष व दीपक वर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राखी पुलिस ने आरोपिया दीपा बारले 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीण जल जीवन मिशन से हो रहे लाभान्वित

# झरिया के पानी पीने से मिली मुक्ति घर तक पहुंचा नल जल का पानी

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत गरियाबंद जिला के वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीणों को अब पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है। उन्हें पेयजल के लिए झरिया पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम तुपेंगा में घर-घर तक नल जल का कनेक्शन पहुंच गया है। अब महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लेने नहीं जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को सदियों के बाद पानी लाने की झंझट से मुक्ति मिली है। घर में पानी मिल जाने से लोगों को काफी आराम एवं राहत मिली है। इसके लिए ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन को कारगर बताते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि खेतों एवं जंगलों के बीच बसे इस गांव में कुल घर 12 हैं। जल जीवन मिशन के पहले



ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के जल की पूर्ति के लिए एक मात्र शासकीय हैण्डपम्प एवं झरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्राम में मुख्यत: आदिवासी वर्ग निवास करते है। जिनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण एवं कृषि हैं। पहले दूर से पानी लाने के लिए अन्य कार्यों को छोड़कर पैदल दूर जाना पड़ता था। गर्मी, सर्दी, बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इससे घर के सदस्यों पर विपरीत स्वास्थ्य प्रभाव भी पड़ता था। गांव की रहने वाली जयमति की बताती है कि दूर दूर से पानी लाकर थक जाते थे। जल जीवन मिशन के द्वारा प्रत्येक घरों में नल लगने से सभी के स्वास्थ्य में सुधार एवं शारीरिक कार्य क्षमता में वृध्दि हुई है। साथ ही छोटे बच्चों के साथ खेलने एवं समय बिताने का मौका मिल रहा है। गांव की रहने वाली श्रीमोतिन, रोमिन एवं जयमति जल जीवन मिशन के तहत घर में ही मिल जा रहे पेयजल के बचत पानी के सदुपयोग के लिए अपनी बाड़ियों में साग भाजी भी लगाने का फैसला किया है। साथ ही अच्छे उदाहरण के रूप में अपने आपको पेश कर अन्य ग्रामीणों को भी पानी के सदुपयोग एवं संरक्षण करने को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है।

## रायपुर केन्द्रीय जेल में अध्यात्म के माध्यम से बंदियों के मनोदशा में सुधार के प्रयास

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर स्थित केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान हेतु लगभग 60 बंदियों की रामायण मंडली बनाई गई है। मंडली द्वारा विभिन्न बैरकों में प्रत्येक त्यौहारों के अवसर पर रामायण का पाठ तथा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा तथा प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ कराया जा रहा है। रामायण मंडली के मुख्य गायक आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी बोधन पिता रघुनाथ ने बताया कि वह जब भी पेरोल पर घर जाता है। वह गांव में रामायण मंडली में शामिल होता है तो उसके गांव वाले भी आश्चर्यचकित हो जाते है और कहते है कि, जेल एक जेल न रहकर सुधारगृह में परिवर्तित हो गया है। गांव वाले भी उससे बोलते हैं कि इतना अच्छा रामायण आप जेल में रहकर सीख लिये हो यह तो अद्भुत है। उसने अपने गांव दियागढ़ थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ में भी रामायण मंडली का गठन किया है। इसी प्रकार प्रतिदिन गीता सीखने वाले व रामायण के टीका करने वाले आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी चक्रधर पिता बंशीधर ने बताया कि वह प्रतिदिन आध्यात्म ही उसके जीवन का आधार है, वह परमात्मा को अपना सब कुछ सौंप चुका है। प्रतिदिन सीखे गीता के श्लोकों का पाठ, उसके अर्थ की चर्चा अपने बैरक




के अन्य साथी बंदियों के साथ करता है। वह अन्य बंदियों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। गांव जाने पर उसके गांव वाले उससे गीता, रामायण, पुराणों के बारे में चर्चा करते है तो उसका शुद्ध उच्चारण सुनकर कहते है कि आप जेल जैसी जगह में भी रहकर इतना ज्ञान प्राप्त कर लिये हो। उनका कहना है कि वो प्रतिदिन अपने साथी बंदी दोणाचार्य, धरम, वासुदेव के साथ पाठ कर आनंदित रहता हूं तथा अपनी सजा अच्छे से काट रहा हूं। केन्द्रीय जेल रायपुर प्रशासन द्वारा मंडली को हारमोनियम, केसियो, तबला ढोलक, मंजीरा तथा माईक सिस्टम प्रदाय किये गये है। इस प्रकार के प्रयास से बंदी जेल में अध्यात्म से जुड़कर अपने समस्त जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए जीवन के प्रति सकारात्मक तथा अवसादमुक्त हो रहे हैं। जिससे उनके व्यवहार में भी उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के पहले ही दिन 4241 आवेदनों का मौके पर निराकरण

### नगरीय निकायों में आज से शुरू हुए शिविरों में मिले कुल 7757 आवेदन

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश के नगरीय निकायों में आज से प्रारंभ हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के पहले ही दिन लोगों के 4241 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में आज जन समस्याओं और जन सुविधाओं से संबंधित कुल 7757 आवेदन प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज स्वयं जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के पहले दिन सभी नगर निगमों के आयुक्तों और संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों से फोन पर बातकर शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ



शहरवासियों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा है। नगरीय निकायों में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों में स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान किया जाएगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

## रायपुर शारदा चौक का होगा चौड़ीकरण कभी भी चल सकता है बुलडोजर

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर के शारदा चौक चौड़ीकरण का मामला आखिरकार 19 वर्षों के बाद सुलझता हुआ दिखाई दे रहा है। मिली जानकारी अनुसार राज्य सरकार ने इस मामले को हरी झंडी दे दी है। जिसके बाद कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह ने अधिकारियों की दो घंटे तक बैठक लेकर सडक़ के चौड़ीकरण के लिए कई दिशा निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सडक़ चौड़ीकरण तो हर हाल में किया जाना है। इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बल उपलब्ध कराने और निगम को दल उपलब्ध कराने की बात कही है। सडक़ के चौड़ीकरण में आड़े आ रहे 88 लोगों के दुकान और मकान पर किसी भी दिन भोर में बुलडोजर चल सकता है। वहीं, कलेक्टर ने मुआवजे को लेकर पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को 25 जुलाई से सर्वे करने कहा है। सर्वे के बाद मुआवजे की राशि तय की जाएगी। साथ ही सर्वे की रिपोर्ट आठ दिनों के भीतर तैयार करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए हैं। इस दौरान सर्वे में पिछले सर्वे के आधार पर घर और दुकानों में जाकर सत्यापन किया जाएगा। चौक के चौड़ीकरण को लेकर नईदुनिया ने प्रमुखता से मुद्दा उठाया था। इसे लेकर लगातार खबरें भी प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद इस कार्य को संज्ञान में लेकर अब इसे करने का फैसला लिया गया है। सडक़ के चौड़ीकरण में आने वाले प्रभावितों के सर्वे की प्रक्रिया आज से शुरू होनी है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार नगर निगम की टीम ने सर्वे के लिए तैयारी कर ली है। इसके लिए काम करने वालों की लिस्ट भी निगम में तैयार हो गई है। जिसमें निगम के जोन की टीम प्रमुखता से शामिल होगी। वहीं, इस कार्य में पीडब्ल्यूडी, राजस्व का नजूल विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के साथ ही वित्त विभाग से संबंधित ट्रेजरी के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। मिली जानकारी अनुसार पुराने सर्वे के आधार पर दुकानों और मकानों का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही किरायादारों की सूची भी तैयार होगी।

## काल सेंटर खोल रहा विभागों का पोल, चक्कर लगाने वाले फरियादी का हो रहा काम

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर जिले में आम लोगों की समस्याओं का विभागीय कार्यालयों में किस तरह से काम किया जा रहा है, इसका आकलन कलेक्टोरेट में आम लोगों की समस्या के निराकरण के लिए खुले कॉल सेंटर से लगाया जा सकता है। कॉल सेंटर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है, जो प्रशासन का सराहनीय कदम है, लेकिन कॉल सेंटर ऐसे कई विभागी कार्यालयों की भी पोल खोल रहा है, जहां बिना कारण लोगों के आवेदनों व शिकायतों को लंबित करके रखा गया है। कॉल सेंटर में बुधवार को कुछ इस प्रकार की शिकायतें ही मिली हैं, जिनका निराकरण करने में विलंब किया जा रहा है। कॉल सेंटर में आई इन शिकायतों पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को जानकारी देकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन से मिले निर्देश पर विभागों में भी हडक़ंप मच रहा है और दूसरे सभी काम छोडक़र कुछ घंटों में ही इन शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। जिले के नागरिकों की समस्या व शिकायत का जल्द से जल्द निराकरण हो सके, इस सोच को लेकर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट में ही जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर खुलवाया है। सूत्रों के अनुसार इस कॉल सेंटर में पिछले दो दिन में 25 से ज्यादा शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें कई शिकायतों का निराकरण भी किया जा चुका है।

पटना विधान परिषद पहुंचने पर भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया।



## घुम-घुमकर मोबाईल से सट्टा संचालन करने वाला सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी की सिविल थाना पुलिस ने घुम घुम कर मोबाइल के माध्यम से सट्टा पट्टी संचालित करने वाले एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 2400 रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग मोबाइल फोन तथा सट्टा पर्ची जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत आकाशवाणी, मां काली आटो मोबाइल दुकान के पास एक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी थाना सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये स्थान में जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी संजय डागा पिता स्व. रूपचंद डागा उम्र 50 साल पता दुधाधारी मंदिर के पास, मठपारा टिकरापारा को रंगेहाथ सट्टा पट्टी खेलाते पकड़ा गया तथा उसके कब्जे से 2400 रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाइल फोन तथा सट्टा पर्ची जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में धारा 6, 7 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया एवम रिमांड में जेल भेजा गया है।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ अग्रसेन महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण

**रायपुर( समय दर्शन )।** अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में आज समाज कार्य विभाग व फिल्म अभिनेता सोनू सूद द्वारा गठित संस्था सोनू सूद चेरिटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मिशन ग्रीन भारत अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों तथा महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर इसके संवर्धन और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा उपस्थित विद्यार्थियों सहित राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयंसेवकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाये. साथ ही सभी ने पेड़-पौधों की रक्षा का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम में भीमसेन ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ कमल अग्रवाल तथा महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ पदुम जैन ने कहा कि इस




समय दुनिया भर में जिस तरह से पर्यावरण पर संकट गहराया हुआ है, उससे निपटने के लिए पौधारोपण के साथ ही हमें हवा, पानी, मिट्टी सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा भी करनी होगी. इसके अलावा पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करना होगा. साथ ही बिजली के दुरुपयोग से भी बचने की जरूरत है। इस पहल की सराहना करते हुए महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ वी.के. अग्रवाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण की स्थिति जिस तरह से प्रभावित हो रही है, उसमें हम सभी के लिए यह आवश्यक है कि हम पेड़-पौधों के संरक्षण के प्रति विशेष ध्यान दें. महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव व महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में पौधारोपण को बढ़ावा देने के उदेश्य से हर वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में वृक्ष मित्र दिवस का आयोजन किया जाता है. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने घर और कार्यक्षेत्र के आसपास भी, जहाँ संभव हो सके, वहां पौधे जरूर लगाएं। कार्यक्रम में सोनू सूद चैरिटी क्लब की स्टेट कोऑर्डिनेटर रूपल पाण्डेय ने कहा कि अग्रसेन महाविद्यालय से इस अभियान की शुरुआत होना एक अच्छी पहल है. उन्होंने कहा कि आगे भी संस्था के माध्यम से अन्य विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. प्राचार्य डॉ युलेंद्र कुमार राजपूत ने सभी अतिथियों को साधुवाद देते हुए कहा कि महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष रूप से प्रयास किये जाते हैं। इस मौके पर महाविद्यालय की एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. दीपिका अवधिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों के साथ मिलकर पौधों के रोपण की व्यवस्था की. कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य विभाग की प्राध्यापक प्रो रुखमणि अग्रवाल ने किया.

## संपादकीय

# बजट निसंदेह मानव संसाधन और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का 2024 का बजट कई मामलों में संतुलित माना जाएगा। नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में राजग सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद यह पहला बजट है। बजट में निसंदेह मानव संसाधन विकास और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। केंद्र सरकार वेतनभोगियों की उम्मीदों में वह खरी उतरीं। नई टैक्स व्यवस्था में अब स्टैंडर्ड डिडक्शन पचास हजार से बढ़ाकर पिच्छत्तर हजार रुपए कर दिया। वेतनभोगियों को इनकम टैक्स में 17,500 रुपए तक की बचत होगी। वित्तमंत्री का कहना है कि इनकम टैक्स एक्ट की छह महीने में समीक्षा की जाएगी। कैपिटल गेन छूट की सीमा बढ़ा दी गई है। महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपत्ति पर स्टॉम्प ड्यूटी कम करने के साथ ही चुनिंदा शहरों में साप्ताहिक हाट या स्ट्रीट फूड हब डेवलप करने की योजना भी है। सौ बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति, सीवेज उपचार व ठोस अपशिष्ट परियोजनाओं की भी घोषणा की। देश में घरेलू क्रूज का परिचालन करने वाली विदेशी शिपिंग कंपनियों के लिए सरल कर व्यवस्था दी। सरकार ने स्पेस इकोनॉमी के लिए हजार करोड़ रुपए के वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसद व प्लैटनियम पर 6.5 फीसद का प्रस्ताव रखा। टीडीएस में देरी को अपराध से बाहर कर सीतारमण ने नौकरीपेशा को राहत दी है। केंद्रीय बजट में युवाओं के रोजगार के लिए 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप मुहैया कराने के साथ ही पांच हजार रुपए महीने स्टाइपेंड देने की भी बात की। बजट के जरिये सियासी समीकरण दुरुस्त करने और विपक्षी धार को कुंद करने की रणनीति के तहत सरकार ने अपने अहम सहयोगी दलों जेडी (यू) व टीडीपी शासित राज्यों बिहार व आंध्र प्रदेश के लिए विशेष पैकेज दिया। हालांकि इस दिलदारी से बाकी राज्यों में सरकार के खिलाफ आवाज तेज होगी। खैर, जैसी उम्मीदें थीं, बजट वैसा नहीं रहा। विपक्ष का आरोप है कि बजट में गरीबों व आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। साथ ही इसे राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित भी बताया। राहुल गांधी ने इसे कुर्सी बचाओ व कॉपी-पेस्ट बजट तक कह दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से स्थिर होने के बावजूद क्षेत्रीय असंतुलन गंभीर बना हुआ है। मगर तमाम चुनौतियों के बावजूद धन प्रबंधन करने में सीतारमण ने किसी को निराश नहीं होने देने की भरपूर कोशिश की है।

# सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार

देश की राजधानी के शाहदरा इलाके के नामी सरकारी अस्पताल गुरु तेग बहादुर (जीबीटी) में एक मरीज की गोलियां बरसाकर हत्या वाकई स्तब्ध करती है।

मृतक खजूसी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाला 32 साल का रियाजुद्दीन है, जो अस्पताल में पेट के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती था। पुलिस के अनुसार हत्यारा एक अन्य मरीज वासिम को मारने आया था। जिस पर सत्रह मामले दर्ज हैं। उसे और उसके साथी आसिफ को 12 जून को शांति चौक पर गोली मारी गई थी, जिसके इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसकी पत्नी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने को कहा था।

रियाजुद्दीन गलत पहचान के चलते मारा गया प्रतीत हो रहा है। बहरहाल, यह सारी घटना बिल्कुल फिल्मी प्लॉट की तरह लग रही है। हत्याकांड में 3-4 लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हैरत है, यह सब दिल्ली के व्यस्त इलाकों में हो रहा है। दिल्ली सरकार लगातार कानून-व्यवस्था को बदतर कह रही है।

अपराधियों के बुलंद होते हौसले देखकर दिल्ली पुलिस की लापरवाही तो साफ ही है। साथ ही अस्पताल के प्रशासन-व्यवस्था के काम पर संदेह होता है। हालांकि वार्ड में काफी लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई घायल नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्थिति भयावह भी हो सकती थी।

डॉक्टर तो हड़ताल पर चले गए पर मरीजों के इख्तियार में तो कुछ भी नहीं होता। जिस मासूम की जान गई है, उसके प्रति कौन जिम्मेदार होगा। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया या उसे सजा हो गई तो भी मृतक के परिवार को न्याय कैसे दिया जा सकेगा।

हत्यारा व मृतक समान समुदाय के न होते तो अपने-अपने लाभ के लोभ में विभिन्न राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो चुकी होती। सरकारी आंकड़े कहते हैं देश में प्रतिदिन 75 से अधिक हत्याएं होती हैं।

बात सिर्फ इस गफलत में हुई सरेआम हत्या की नहीं है, हमें कानूनविदों, मनोविश्लेषकों, समाजशास्त्रियों व विशेषज्ञों के साथ हत्याओं के इस फैलते संक्रमण पर गंभीर विमर्श करना होगा। सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार है, जिससे सरकार मुंह नहीं चुरा सकती। चिंता की बात यह भी है कि डॉक्टर्स इसके बाद हड़ताल पर जाने की बात कह रहे हैं, जिससे होने वाली परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सरकार को इस मसले पर ध्यान देना चाहिए।

# ईरानी महिलाओं का भारतीय मुस्लिम महिलाओं को संदेश

**प्रवीण गुगनानी**



ईरान में इन दिनों चाँद चौदहवीं की ओर बढ़ रहा है और साफ़ साफ़ भी दिख रहा है। अन्य दिनों ङ्क महीनों की अपेक्षा ईरान में कुछ अधिक ही खुशगवार मौसम छाया हुआ है। ईरान के निर्वाचन में सुधारवादियों की विजय एक बड़ी ऐतिहासिक घटना सिद्ध हो सकती है। विशेषत: मुस्लिम महिला जगत के लिए ईरान के चुनावों में मसूद पेज़ेश्कियान की विजय कुछ नये मार्ग खोलते हुए दिखाई पड़ती है। पेज़ेश्कियान सुधारवादी नेता हैं व हिजाब के ऊपर लगे हुए सख़्त क़ानून के भी बड़े विरोधी हैं। इन मायनों में ईरानी महिलाओं को पेज़ेश्कियान से बहुत बड़ी आशाएँ हैं। माना जाता है कि मुस्लिम स्त्री वर्ग ने हिजाब विरोधी दृष्टिकोण व कट्टरता विरोधी छवि व ऐसे ही चुनावी वादों के कारण पेज़ेश्कियान को बड़ी एकतरफ़ा मतदान किया है।

भारत में हिजाब को लेकर एक बड़ा झंझावात चल रहा है। भारतीय मुस्लिम पुरुष समुदाय जहां हिजाब के पक्ष में खड़ा है वहीं मुस्लिम महिलाएं हिजाब, बुर्के व नक़ाब आदि को अपनी स्वतंत्रता व शिक्षा में बाधा मानती हैं। अनेक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि वस्तुत: भारतीय मुस्लिम स्त्री समुदाय की अशिक्षा का एक बड़ा कारण बुर्का, हिजाब व नक़ाब ही है।

ईरान में राष्ट्रपति रईसी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात चुनाव कठिन लगने लगे थे। किंतु, अब जब चुनाव हो गये हैं तो ईरान एक नये स्वरूप में व नये मार्ग पर दिखाई दे रहा है। जेल में बंद नरगिस मोहम्मदी जैसी संघर्षशील महिला भी इन चुनावों के प्रति उदासीन व निराश थीं व उन्हें लगता था कि इन चुनावों का बहिष्कार ही एक मात्र उपाय है। न जाने क्या हुआ कि इस चुनाव में ईरान के सुधारवादियों, विशेषत: पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी को नई आशा की किरण दिखाई दी। खातमी ने निष्क्रियता छोड़ी व मसूद पेज़ेश्कियान के समर्थन में कूद पड़े।

चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव चाहने वालों व बहिष्कार करने वालों के मध्य संघर्ष हुआ फ्लस्वरूप मतदान का प्रतिशत चालीस से भी नीचे चला गया था।

दूसरे चरण में कट्टरपंथी जलीली व पेज़ेश्कियान के मध्य सीधे चुनाव में एकेडेमिक छवि वाले ज़रीफ ने पेज़ेश्कियान के लिए सघन अभियान चलाया। ज़रीफ़ व पेज़ेश्कियान ने घोषणा की कि, उनकी विदेश नीति न तो पश्चिम विरोधी है और न ही पूरब विरोधी। इन दोनों ने रईसी की रूस और चीन से लगाव की नीति की आलोचना की। ईरान के आर्थिक संकट को हाल करने हेतु भी उन्होंने अपना रोडमैप प्रस्तुत किया। परमाणु विषय पर व्यवस्थित बात करने व ईरान पर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने हेतु भी वे संकल्पित दिखाई पड़े।

यद्दपि ईरान की आंतरिक व्यवस्थाओं के कारण निर्णय प्रक्रिया पर पूर्ण अधिकार अब भी सर्वोच्च धार्मिक नेता ख़ामनेई का ही रहेगा। ख़ामनेई के कट्टरपंथी दृष्टिकोण को चुनाव के बाद की कुद्स फ़ोर्स से संबंधित से बातों से समझा जा सकता है जो उन्होंने कही है। ईरान की नीतियों पर कुद्स का प्रभाव सदैव रहता है। कुद्स फोर्स आईआरजीसी की बाहरी इकाई है व राष्ट्रपति के पास इस पर सीधे नियंत्रण का अधिकार नहीं होता है। केवल ईरान के सर्वोच्च नेता ही यह निर्णय करते हैं कि कुद्स को क्या करना चाहिए और क्या नहीं। ख़ामनेई ने समूची चुनावी प्रक्रिया के मध्य इस बात को दोहराते रहें हैं कि कुद्स फोर्स जो कर रही है वो देश की सुरक्षा नीतियों की दृष्टि से अनिवार्य है।

**इज़राइल-फ़िलिस्तीन संघर्ष में :** मध्य-पूर्व में ईरान ही हमास का प्रमुख समर्थक रहा है। पश्चिम विरोधी नीतियों के कारण भी इनकी स्थिति असहज होती रही है। ईरानी रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स ने तो सीधे इसराइल पर आक्रमण करके अभूतपूर्व स्थिति निर्मित कर दी थी। इससे दोनों देश आमने-सामने आ गए थे।

ईरान में महिलाओं पर मॉरल पोलिसिंग के पक्ष में सुदृढ़ कट्टरपंथी क़ानून बने हुए हैं। पेज़ेश्कियान जो महिलाओं की नैतिक पोलिसिंग का विरोध करते हैं और पश्चिम के साथ टकराव की बजाय जुड़ाव का आग्रह रखते हैं।

अब आर्थिक संकटों और सामाजिक उलझनों से त्रस्त ईरान स्वयं पेज़ेश्कियान की इस विजय से आश्चर्यचकित है। अब तक ईरान की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका तथाकथित 'प्रिंसिपलिस्टों' (रूढ़िवादियों) के नियंत्रण में थी। ये ईरान में किसी भी प्रकार के सुधारों के विरोधी थे। ईरान में चुनावों के मध्य ईरान सरकार में कभी मंत्री रहे सुधारवादी पेज़ेश्कियान को जब गार्डियन काउंसिल ने चुनाव में प्रत्याशी मान लिया तब ईरान के सुधारवादी गठबंधन ने अपना समर्थन उनके पक्ष में दे दिया। खातमी, उदारवादी मौलवी और 2013-21 तक राष्ट्रपति रहे हसन रूहानी ने उनका समर्थन किया। 5 जुलाई, 2024 के दूसरे चरण के चुनाव में पेज़ेश्कियान ने रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी सईद जलीली को पराजित करके 53.6त्न वोट प्राप्त करके विजयश्री वरण किया। अब यह माना जा रहा है कि पचास वर्षों के पश्चात् प्रथम बार ईरान की बागडोर एक सुधारवादी राष्ट्रपति के हाथ में आ गई है।

यद्दपि ईरान में सुधारवादी वर्ग ने ईरान के लिए जिन स्वप्नों को देखा है व जिस प्रकार का शासन वे चाहते हैं; उस मापदंड में पेज़ेश्कियान भी कोई आदर्श प्रत्याशी नहीं थे, तथापि अंधों में काना मामा के दृष्टिकोण से यह एक उत्तम चयन है। चुनाव अभियान में इन्होंने संकल्पित होकर पेज़ेश्कियान के लिए एकतरफ़ा अभियान चलाया।

ईरान में निरन्तर कट्टरपंथियों के दुष्प्रभाव के कारण नागरिकों को चुनाव में उतनी रुचि नहीं थी किंतु पेज़ेश्कियान के पक्ष में सुधारवादियों के प्रबल अभियान ने स्थिति बदल दे थी। ईरानी जनता विशेषत: महिलाओं के मानस में यह भी बैठ चुका था कि पेज़ेश्कियान ने हिजाब के विरोध में सुदृढ़ता से अपनी बातें रखीं हैं व उन्हें प्रबल समर्थन भी मिल ही रहा है। इस स्थिति में जनता ने दूसरे चरण में पेज़ेश्कियान के पक्ष में भारी मतदान किया। जलीली की रूढ़िवादिता भी उन्हें चुनाव हराने में एक बड़ा तत्त्व सिध्द हुई।

ईरान में राष्ट्रपति, सर्वोच्च निर्वाचित अधिकारी, मज़हब के संदर्भ में सीमित शक्तियाँ रखते हैं। कमान सर्वोच्च नेता के पास ही होती है। अब संभव है कि स्वयं को प्राप्त भारी जनादेश के साथ पेज़ेश्कियान देश में बदलाव के लिए सुदृढ़ता से अपने शासन में निर्णय लेंगे। ईरान के सर्वोच्च नेता, मज़हबी वर्ग को भी अब इस जनादेश के भीतर छिपे हुए संकेत को समझ लेना चाहिये और सुधारवाद को स्वीकार करना चाहिये। यदि ऐसा होता है तो पश्चिमी जगत द्वारा ईरान की ओर एक नई दृष्टि से देखा जा सकता है।

ईरान में कट्टरपंथ से सुधारवाद का मार्ग अब जब प्रशस्त हो रहा है तब वहाँ इसे 'होमोजेनाइजेशन' अर्थात् 'दो धाराओं का मिलन' कहा जा रहा है। वर्ष 2021 में ईरान की राजनैतिक स्थितियों में आये परिवर्तनों के बाद ईरान महिलाओं के प्रति अधिक सख़्त व निर्दयी हो गया था। वर्ष 2022 में ईरान में हिरासत में एक युवा महिला महसा अमीनी की मौत ने भी ईरानी सुधारवादियों व महिलाओं को भयग्रस्त व स्तंभित कर दिया था। इसके बाद ही ईरानी जनता ने अपने क्रोध का ऐसा प्रदर्शन किया था जिसे अब तक का सबसे बड़ा विरोध माना जा रहा था। किंतु, इसका हाल भी पूर्व के आंदोलनों जैसा ही हुआ और सत्ताधारी धार्मिक नेताओं ने वर्ष 2009 के विरोध की तुलना में इस विद्रोह को अधिक निर्ममता से कुचला।

अब जबकि ईरान में एक सुधारवादी सरकार का सत्ता सम्भालना तय हो गया है तब ईरानी महिलाएं नये स्वप्न देख सकती हैं व नई उड़ान भर सकती हैं। ईरान में हिजाब के विरोध में हुए भारी प्रदर्शनों की सफ्लता और उनके निर्मम दमन की कहानियाँ बहुत पुरानी नहीं है। अब भी ईरान की हवाओं में ईरानी महिलाओं के दमन से निकली चीख़ों के दुखी स्वर वातावरण सुने जा सकते हैं। अब लोग उन दिनों को याद करके कट्टरतावाद से स्थायी मुक्ति का स्वप्न देखने लगे हैं।

# खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं

**डॉ. रमेश ठाकुर**

खादी का स्वर्णिम काल फिर से लौट रहा है। खादी की ब्रिकी दिनों दिन नये आयाम गढ़ रही है। घोर मॉर्डन युग और पहनावे के लिहाज से मन-मस्तिष्क पर हावी हो चुकी ब्रांडेड पश्चिमी सभ्यता के बीचोंबीच लोगों का खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं है। लेकिन यह चमत्कार वास्तव में खादी ने किया है। अधिकृत रूप से पिछले सप्ताह खादी एंव ग्रामोद्योग बोर्ड ने बीते दस वर्षो के आंकड़े प्रस्तुत कर खादी की ब्रिकी के पूर्व के सभी रिकॉर्ड धवस्त हो जाना बताया है। खादी के विभिन्न उत्पादों की बिक्री में 400 फीसद का उछाल आया और इनके उत्पादन में 315 फीसद की बंपर बढ़ोतरी भी दर्ज हुई है। रिकॉर्ड स्तर पर 81 फीसद नये रोजगार सृजन भी हुए हैं। 2022-23 के वित्तीय वर्ष में 332.14 फीसद ब्रिकी, 267.52 फीसद प्रोडक्शन और 69.75 फीसद स्वरोजगार पैदा हुए हैं। रोजगार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पैदा हुए। वहां कताई, बुनाई के कारखानों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक भागीदार रहीं। आज खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत 9 उत्पादन केंद्र पूरे भारत में मौजूद हैं।

कहावत है कि 'ओल्ड इज गोल्ड'। खादी की अचानक बेतहाशा ब्रिकी ने इसे चरितार्थ कर दिया है। शायद ब्रांडेड कपड़ों और आधुनिक चकाचौंध से लोग अब उबने लगे हैं। तभी फिर से अपनी जमीन की ओर मुड़ने को तत्पर हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2003-2013 में खादी का कारोबार 26109.08 करोड़ रुपये था, जो 2014-2023 में छलांग लगा कर 95956.68 करोड़ तक जा पहुंचा। इनमें खादी के निर्मित कपड़े अन्य उत्पादनों से कहीं अधिक हैं। जनमानस का खादी की ओर मुड़ना निश्चित रूप से 'स्वदेशी अभियान' को पंख लगाने जैसा है। मौजूदा सरकार ने करीब एक दशक से स्वेदशी अभियान की अलख जगाए हुए है। खादी की भारी बिकवाली इस अभियान की सफलता पर मुहर लगाने जैसा है।

खादी का कपड़ा खास है जो किसी धर्म-समुदाय से वास्ता नहीं रखता। सच्चे देशभक्त का अपना देशी कपड़ा है। चाहे अल्पसंख्यक हों, सिख हों, साधु-संत हों, या फिर मॉर्डन जमाने के शिक्षित युवा-युवती। सभी ने खादी को अपनाना आरंभ कर दिया है। खादी का आंदोलन, एक सामाजिक-सांस्कृतिक आख्यान, गांधी जी द्वारा मई, 1915 में सत्याग्रह आश्रम से शुरू किया गया था, जो गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम के नाम से लोकप्रिय है। गांधी युग में खादी के कपड़े लोगों के सिर चढ़कर बोलते थे। धारणा पहले कुछ ऐसी थी कि सच्चा हिन्दुस्तानी मतलब खादी को अपनाने वाला।

खादी के नये कीर्तिमान स्थापित करने का मतलब है, स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भरता की अपील का असर दिखाना। खादी पहनना ब्रांडेड कपड़ों के मुकाबले हमेशा से सुलभ और सरल माना गया है। इसका सस्ते से सस्ता और महंगे से महंगा कपड़ा हाथों से ही बुना जाता है क्योंकि खादी वस्त्र का निर्माण मशीनों से नहीं होता। ग्रामीण स्तर पर ज्यादा निर्माण होने से वहां लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। दरअसल, खादी के कपड़े अब पहले के मुकाबले उतने सस्ते नहीं रहे? दाम भरपूर बढ़े हैं, लेकिन बावजूद इसके खरीददारों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। सरकार अगर खादी के दामों में कुछ कटौती कर दे तो कारोबार में और भी उछाल आएगा क्योंकि खादी के दाम जिस हिसाब से आसमान छू रहे हैं, वो कइयों की पहुंच से दूर हैं। इस ओर ध्यान देने की केंद्र सरकार को जरूरत है।

# कई राज्य वायरस की गिरफ्त में

**अजय प्रताप तिवारी**



भारत में हीटवेव और प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली नहीं कि वायरसों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कई राज्य वायरस की गिरफ्त में हैं। महाराष्ट्र में जीका वायरस, केरल में दिमाग को खाने वाले अमीबा बुखार, कर्नाटक में डेंगू आफत बन चुका है।

बढ़ते जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दुनिया में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के वायरस पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के जीवन के लिए घातक सिद्ध हुए हैं। ये वायरस इतने खतरनाक होते हैं कि पल भर में मनुष्यों के जीवन को लील देते हैं।

जीका वायरस का सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को है, क्योंकि इससे नवजात शिशुओं में माइक्रोसेफैली होने का खतरा होता है, जिससे शिशुओं के मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता। जीका वायरस का वाहक एडिज मच्छर है। यह वायरस इंसानों से पहले रीसस बंदरों में देखा गया था जो अफ्रीकी देश युगांडा के जीका जगलों में पाया गया था। इसका प्रकोप इंसानों पर 2007 से तेज हुआ है। जीका वायरस ने 2015 में पूरे विश्व में तबाही मचाई जिसमें लाखों लोगों की जान चली गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 2016 में वैश्विक आपदा घोषित किया। भारत में पहली बार जीका वायरस का मामला 2016-17 में गुजरात में प्रकाश में आया था। मानव के मस्तिष्क के तंतुओं को नष्ट कर देने वाला अमीबा बुखार मानव जीवन के लिए बड़ी चुनौती है। इस बुखार का पहला मामला 2016 में केरल में सामने आया था। तब से अब तक यहां आठ मरीज मिले हैं, और सभी की मौत हुई। केंद्र सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार अब तक केरल से हरियाणा और चंडीगढ़ तक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से छह मौत 2021 के बाद दर्ज की गई। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान के अनुसार, 2019 तक देश में इस बीमारी के 17 मामले सामने आए लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद तमाम तरह के नये संक्रमणों में उछाल देखने को मिला है।

पिछले कुछ वर्षो में मंकीपॉक्स, इबोला, निपाह वायरस, कोविड-19, जीका वायरस लगातार पैर पसार रहे हैं। ये संक्रमण इतनी तेजी से फैलते हैं कि देखते ही देखते पूरे शहर को संक्रमित कर देते हैं। जीका वायरस एडीज मच्छर से फैलने वाला घातक वायरस है। एडिज एजिप्टी डेंगू और चिकनगुनिया का वाहक भी है। जीका वायरस यौन संबंध से भी फैलता है, मां से भ्रूण में प्रवेश कर जाता है जो पेट में पल रहे बच्चे के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर देता है। जीका वायरस भविष्य में कोविड-19 से भी भयानक रूप ले सकता है। यह मनुष्यों के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि भावी नस्ल को भी मानसिक रूप से कमजोर करेगा। विभिन्न प्रकार के संक्रमण इंसानों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाते हैं।

देश में तेजी से फैलता संक्रमण न केवल स्वास्थ्य चिंता का विषय है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी पटरी से उतार देता है। पर्यटन एवं उद्योग के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करता है, आयात-निर्यात पर भी गहरा प्रभाव डालता है। संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहने से कार्यबल में गिरावट आती है जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता है, काम का दबाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियां बढ़ती हैं, जिसका असर कोविड-19 के समय भी देखने को मिला था। संक्रमण समय से नहीं रोका नहीं गया तो मानव सभ्यता को नष्ट कर डालेगा। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप से संक्रमण का प्रभाव पशु-पक्षियों में भी देखने को मिल रहा है।

भारत में इस वक्त में बारिश का मौसम है। इसलिए सबसे ज्यादा खतरे की बात है। जगह-जगह जल-भराव की समस्या से एडिज मच्छर पनपते हैं। गांवों के तालाबों, नालियों और गड्ढों में तब्दील जमीनों में साफ पानी का भराव होता है जिससे एडिज मच्छर पनपने की गुंजाइश बनती है, इससे गांवों में जीका वायरस फैलने का खतरा है। भारत में जीका वायरस या नये वायरसों के निदान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, यदि है भी तो बहुत सीमित। बढ़ता संक्रमण रोकने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी नीति-निर्माण आवश्यक है।

जीका वायरस के निदान हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की गहन जांच की जाए और उनका डाटा तैयार किया जाना चाहिए ताकि शहर या गांव में किसी भी प्रकार के वायरस का पता लगने पर उन व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके जो बाहर से आए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रमण निवारण केंद्र बनाने की जरूरत है। त्वरित जांच टीम बनाना जरूरी है। जागरूकता अभियान और शिक्षा के माध्यम से शहरों और गांवों में लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। गांव, कस्बों में स्वास्थ्य मित्र नियुक्त करके महीने में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहना चाहिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण और दवा का छिड़काव समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों का प्रकोप बढ़ न पाए। मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए जीएम मच्छरों को तैयार करना चाहिए। इंसानों के साथ ही पशु-पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने का भी उपाय करना चाहिए।



बारिश के मौसम में मकान को खूबसूरत रखना बड़ा कठिन है। कहीं कोई सामान भीग रहा है तो कहीं फर्नीचर खराब हो रहा है। अगर इन सबसे बचना है तो थोड़ी सी सावधानियां रखकर इनसे बचा जा सकता है।

# बरसात में बनाएं घर को खूबसूरत

**काफी** इंतजार के बाद अब मानसून का मौसम आ गया है। इस मौसम में घर की खूबसूरती बनाए रखने में सबसे अधिक परेशानी आती है। सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि घर में ह्यूमिडिटी को कम से कम किया जा सके। दूसरे इस बात के चलते घर के इंटीरियल पर कोई खास असर न पड़े। यदि आप बारिश के मौसम का भरपूर लुत्फ उठाना चाहते है तो इसके लिए आपको घर में कुछ बदलाव करना जरूरी है। आइए जानें ये बदलाब कैसे करें।

## हरी-भरी गली

इंडोर प्लांट्स के लिए मानसून सबसे अच्छा मौसम होता है। इस वक्त धूप कम होती है, इसलिए अपने सभी आउटडोर प्लांट्स को निकाल कर बारिश में रख सकते हैं। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपके प्लांट्स हरे-भरे और आकर्षक लगेंगे।

## फ्रेश वार्डरोब

मानसून में अच्छी धूप न मिल पाने के कारण कपड़े गीले रह जाते हैं। इस कारण से वार्डरोब में गीले कपड़ों की बदबू आने लगती है। आडोनिल के एयरफ्रेशनेस पैक्स, नैपथलीन, बाल्स, कपूर, नीम की पत्तियां और लांस का उपयोग इस स्मेल, बैक्टीरिया और फंगस से बचा जा सकता है।

## कारपेट एवं रग्स

मानसून में सबसे ज्यादा परेशानी अपने कारपेट्स और रग्स को संभालने में होती है। कारपेट और रग्स को ड्राई क्लीन कराने के बाद इन्हें प्लास्टिक बैग्स में संभाल कर रख देना चाहिए।

## लेदर प्रॉडक्ट्स

नमी के कारण लेदर प्राडक्ट्स, शूज, हैंड बैग्स, लैपटॉप बैग्स, सीट्स और सोफा सेट में फंगस से बचाने के लिए लेदर क्लीनर्स से इन्हें साफ किया जा सकता हैं।

## कर्टन के तरीके

मानसून में भी फैबिक्स की लेयर्स नहीं होनी चाहिए। इससे ह्यूमिडिटी बढ़ती हैं। परदों में हलके फैब्रिक्स का उपयोग करें। इसके लिए रेग्यूलर बेसिस पर शिफान, नेट और स्पेशल ओकेजंस पर टस्सर सिल्क फैब्रिक में कर्टन चुनें।

## चांदी के सामान

चांदी को सर्वाधिक नुकसान आक्सिडाइजेशन से होता है, जो बारिश के मौसम में होता है। नमी और हवा में मौजूद आक्सीजन दोनों मिलकर चांदी को काला बना देते हैं। इन्हें बचाने के लिए ज्यूलरी और बर्तनों को काटन फैब्रिक और पेपर में लपेट कर रख सकते हैं।

## टच वुड

मानसून का असर वुडेन फ्लोरिंग पर भी देखने को मिलता है। एक तो ह्यूमिडिटी और दूसरे गीले कारपेट व मेट, दोनों मिलकर वुडेन फ्लोरिंग, किचन वुड शेल्फ को जल्दी खराब कर सकते हैं। अधिक नमी होने से लकड़ी भीगकर टूटने-मुड़ने लगती है। इसके लिए मानसून से पहले इन्हें वैक्स कोटिंग करा लेना चाहिए।

## इलेक्ट्रानिक गैजेट्स

मानसून के मौसम में कैमरा लैंस, कम्प्यूटर मॉनिटर, एलसीडी टेलीविजन में फंगस लग जाती है। कैमरा केस में नमी को कंट्रोल करने के लिए उसमें सिलिकन बेग रखे जा सकते हैं। कंप्यूटर मॉनिटर और एलसीडी टेलीविजन के आसपास नमी पैदा करने वाली चीजों जैसे कूलर को दूर रखना चाहिए। क्लीनिंग के वैक्यूम क्लीनर का उपयोग बेहतर विकल्प हैं।

# किराए का घर और साज-सज्जा

कई लोग जो किराये के घर में रहते हैं, उनके लिए घर की सजावट को लेकर कई समस्याएं होती हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए, जिनका तबादला बार-बार होता रहता है। उनके लिए फर्नीचर भी ऐसा होना चाहिए, जिससे जगह बदलने पर मुश्किल न हो। जो लोग किराए के घरों में रहते हैं, वे अपना घर कैसे सजाएं? हम यहां किराए के घर में रहने वालों के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं।



- फर्नीचर हल्के बनवाएं। सोफे की जगह केन, रॉट आयरन-वुड कॉम्बीनेशन, मेकेनाइज्ड फर्नीचर या गद्दों का इस्तेमाल करें। ये फर्नीचर जल्दी नहीं टूटते हैं।
- अगर आप सोफा बनवाना चाहती हैं, तो गद्दी अलग रखवाएं।
- स्थानांतरण में इस्तेमाल होने वाले बड़े बॉक्स के ऊपर गद्दा डाल कर सेटी या मेज का काम ले सकती हैं।
- दीवारों पर न्यूट्रल रंग करवाएं, जो हर फर्नीचर के साथ अच्छा लगेगा।
- रोशनी के लिए टेबल लैंप या स्टैंडिंग लैंप लगवाएं। स्थायी व्यवस्था ना करें।
- घर में परदों का बहुत महत्व होता है। किराए के घर में अनेक बदरंगी दीवारों, अलमारियों आदि को ढंकने के लिए खूबसूरत परदे लगाएं।
- परदे खूबसूरत, शालीन व ऐसे रंगों के लें, जो आप घर बदलने पर भी इस्तेमाल कर सकें।
- फोल्डिंग डाइनिंग टेबल बहुउपयोगी होती है। इसे आप किसी भी कमरे में रख सकती हैं। यह जगह भी कम घेरेगी।
- घर के अंदर सिल्क प्लांट का इस्तेमाल करें। ये नकली प्लांट बेहद खूबसूरत, टिकाऊ और इस्तेमाल में आसान होते हैं।
- बेड व सेटी में स्टोरेज बनवाएं, ताकि सामान ले जाते समय दिक्कत न हो।
- किराए के घर में महंगे, भारी-भरकम फर्नीचर रखने का मोह छोड़ें।
- अगर कमरे बड़े हैं, तो दो या तीन सिटिंग अरेंजमेंट कर सकती हैं।
- घर जमाते समय समान की लिस्ट बना लें कि आपके पास क्या-क्या है और कौन-सी चीज आपने अटारी में रखी है।



# साफ-सफाई के बेहतर टिप्स

बरसात के मौसम घर में अनेक वस्तुओं की साफ-सफाई करनी पड़ती है। इसके लिए ये टिप्स आपके लिए काफी मददगार साबित होंगे।

- अगर कपड़े की झाड़न पर गर्द कुछ ज्यादा हो गई हो और सफाई में दिक्कत आ रही हो तो हाथों को थोड़ा गीला कर कपड़े पर फिरा दें फिर जल्दी से उसे ब्रश से झाड़ डालें नमी की वजह से कपड़े की पूरी गर्द आसानी से उतर जाएगी।
- रजाई-तकिए के कवर धोकर आखिरी बार खंगालते समय पानी में थोड़ा सिरका मिला दीजिए। अब देखिए चमत्कार, सिरके के अम्ल से कपड़ों से साबुन का क्षार फौरन उतर जाएगा। इससे कवर का कपड़ा भी मुलायम हो जाएगा।
- रजाई के कवर को आसानी से चढ़ाने के लिए धोने के बाद उलटा सुखा दें। उलटे कवर के अंदर रजाई के दोनों कोने डालकर गोल-गोल लपेटते जाएं। जब रजाई पूरी गोल हो जाए तो नीचे वाला सिरा खींच लें। रजाई के दोनों कोनों को पकड़ लें और साथ-साथ उठाकर दो तीन बार झटक दें। उलटा हुआ कवर सीधा होकर रजाई पर आसानी से सीधा होकर चढ़ जाएगा। आपके यहां डस्टबिन मेटल का है तो आप उसके अंदर से आने वाली बदबू से जरूर परेशान हो सकते हैं। इसका आसान सा इलाज है। मेटल के कूड़ेदान की बदबू खत्म करने के लिए उसमें पुराने अखबार डाल कर आग लगा दें। आग समस्या का समाधान कर देगी।
- टॉयलेट में बहुत बदबू आ रही हो तो थोड़ी देर के लिए इसे हटाने के लिए माचिस की तीली जला देना भर काफी है।
- आपके घर भी यदि खारा पानी आता है और आपके बाथरूम में हर चीज इसकी वजह से सफेद हो गई है तो आप इन सभी को पैराफिन से साफ कर सकते हैं। इससे बाथरूम का फर्श, बाथ टब और टोंटियां और वाशबेसिन साफ हो जाते हैं। इन पर जमे साबुन की चिकनाई और भी मैल साफ हो जाता है और पैराफिन से इनकी चमक भी लौट आती है।
- बाथरूम में पानी की टपकने या कहीं-कहीं पानी जमने से बने भूरे धब्बों को नमक और सिरके की बराबर मात्र के मिश्रण से दूर किया जा सकता है। टब, बाल्टी या पानी भरने के दूसरे बर्तन में भी यदि सफेदी जमा हो गई हो तो इसी विधि को उन पर भी आजमा सकते हैं।





# दीवानगी ड्रेप्ड ड्रेसेज की

आजकल लड़कियां बॉलीवुड और हॉलीवुड की नकल तेजी से कर रही हैं। हॉलीवुड में चर्चित ड्रेप्ड ड्रेसेज का चलन इंडिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। किसी खास पार्टी में इस तरह की ड्रेस पहने कोई न कोई दिख ही जाएगा। इन दिनों लड़कियों को ड्रेप्ड ड्रेस खूब भा रहा है। गाउन से मिलती-जुलती ड्रेप्ड ड्रेस बिल्कुल लेटेस्ट फैशन है।

## क्या है ड्रेप्ड ड्रेस

जैसा कि इसके नाम से ही लग रहा है कि यह कोई ऐसा ड्रेस है जो लपेटा हुआ होता है। यदि आप इस ड्रेस को देखें तो ऐसा लगेगा कि किसी ने टॉवेल या बेडशीट लपेट लिया हो, लेकिन ऐसा नहीं है। यह एक पूरा का पूरा ड्रेस है। अपने देश में इसका चलन अभी शुरुआती दौर में हैं, लेकिन विदेशों में यह खूब पसंद किया जा रहा है। रिएलिटी शो बिग बॉस में हॉलीवुड एक्टर्स पामेला एंडरसन ने इस ड्रेस को पहन कर लोगो को ड्रेप्ड ड्रेस से रूबरू कराया था। अधिकांश लोग तो समझ ही नहीं पाए थे कि टॉवेल जैसी दिखने वाली यह ड्रेस आखिर में है क्या ? क्या पॉमेला ने कोई कपड़ा लपेटा है या यह कोई खास ड्रेस है। फैशन डिजाइनर मानते हैं कि ड्रेप्ड ड्रेस फिटेड हो या लूज, अगर इसे अच्छे से कैरी करेंगी, तो वह खूब फबेगी। ड्रेप्ड ड्रेसेस को अभी तक बड़े महानगरों में ही पार्टियों में पहने देखा गया है।



## बेस्ट फैब्रिक

अगर आप ड्रेप्ड ड्रेस डिजाइन करवा रही हैं, तो इसके लिए जरूरी है बेस्ट फैब्रिक का चुनाव। चूंकि ड्रेप्ड ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स खूब यूज की जाती हैं, ऐसे में लाइट कलर के फैब्रिक का चुनाव करना चाहिए। लाइट फैब्रिक में जॉर्जेट, साटन, जरदोजी, क्रेप, लिनन व जॉर्जेट का चुनाव बेहतर रहता है। यदि आप इंडो-वेस्टर्न लुक चाहती हैं तो उसके लिए भी ड्रेप्ड ड्रेस परफेक्ट है।

## परफेक्ट कलर

ड्रेप्ड ड्रेस के लिए ब्राइट कलर चुनें। दरअसल, यह ड्रेस वेस्टर्न कॉन्सेप्ट पर बेस्ड है। ऐसे में ब्लैक, रेड, ग्रे व क्रीम कलर ट्राई कर सकती हैं। वैसे, अम्बर प्रिंट्स में भी ड्रेप्ड ड्रेस खूब पसंद की जा रही है। इसे आप दो से तीन कलर में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस प्लेन फैब्रिक में ही ज्यादा पसंद की जाती है, लेकिन आप इसे शादी व पार्टी के पर्पज से चाहती हैं तो इसमें स्वरोस्की, नग, लेस व सितारा वर्क करवा सकती हैं।

## स्टाइल व पैटर्न

गाउन जैसा दिखने वाला ड्रेप्ड ड्रेस फैशन में लेटेस्ट ट्रेंड है। इस ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स पैटर्न को खूब यूज किया जाता है। ड्रेप्ड ड्रेस को लूज ड्रेस माना जाता है, लेकिन डिफरेंट स्टाइल के कारण पतली लड़कियों को भी खूब पसंद आता है। कभी-कभार पहने जाने वाला यह ड्रेस काफी बोल्ड व सेक्सी लुक देती है।



## अलग-अलग है वैरायटी

अगर ड्रेप्ड ड्रेस की बात करें, तो यह कई वैरायटी में उपलब्ध हैं। आप इसे शॉर्ट, लॉन्ग, फिटेड व लूज पैटर्न में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे, यह इटैलियन ड्रेस है, जो काफी हद तक जंप सूट से मिलती- जुलती है। इस ड्रेस की खूबी है कि इसे 20 से लेकर 40 साल तक की महिलाएं बड़ी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

## सिलेब्रिटीज की है खास पसंद

वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस की पहली पसंद है, लेकिन अब यह इंडिया में भी पॉपुलर होने लगी है। यह ड्रेस अभी बॉलीवुड तक ही सीमित है। फैशन डिजाइनर मानते भी हैं कि यह बॉलीवुड एक्ट्रेस को खास पसंद आ रहा है। यह एलिगेंट ड्रेस है और इंडियन वुमन की फिगर के हिसाब से एकदम परफेक्ट है। बॉलीवुड की एक्ट्रेस सोनम कपूर, कंगना राणावत, रानी मुखर्जी को ड्रेप्ड ड्रेस बहुत पसंद है और इनकी वजह से ही आम लड़कियों और महिलाएं भी इस ड्रेस की ओर अट्रैक्ट हो रही हैं।

# क्या हुआ इन क्या हुआ आउट


## कलरफुल बीड्स

इन दिनों कलरफुल बीड्स का फैशन काफी इन है। खासतौर पर वाइट ड्रेस के साथ इसे खूब कैरी किया जा रहा है। चाहे आप शर्ट पहनें या सूट, बीड्स के साथ कैरी करने के लिए इसे प्लेन होना चाहिए।



## सिट्रस शेड्स

आजकल सिट्र्स शेड्स बेहद डिमांड में हैं। इनमें कुर्तियां, फ्लो वाली ड्रेसेज, चूड़ीदार सूट, अनारकली सूट्स, ट्यूनिक्स और साड़ियों जैसी तमाम ड्रेसेज शामिल हैं।



## प्लेन जूलरी

इन दिनों प्लेन जूलरी बिल्कुल पसंद नहीं की जा रही है। इसकी जगह थीम पर बेस कॉकटेल जूलरी हॉट बनी हुई है, जो विक्टोरियन व मुगलकाल से इंस्पायर्ड है।

## टाइट फिटेड जींस

टाइट फिटेड जींस इस सीजन में फैशन से बाहर हो गई है। हालांकि लेगिंग्स में टाइट लेगिंग्स अभी भी हॉट बनी हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा सप्ताह के सातवे दिन सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** रविवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति हृश्वक्क 2020 की चार वर्ष पूर्ण होने पर 22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा सप्ताह के सातवे दिन सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया ।जिसमें कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र कुमार मार्टल के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं अतिथियों को गुलाल लगाकर किया गया ।संस्था के प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध कार्यक्रम में शामिल समस्त अतिथियों का स्वागत अभिवादन करते हुए विद्यालय को बगिया,छात्र छात्राओं को बगिया का पुष्प,समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों को बगिया का माली तथा सभी पालकों को इस विद्यालय रूपी बगिया के मालिक की उपमा दी। साथ ही सभी पालकों से अपील किया कि वे समय समय पर विद्यालय आए और अपने बच्चो की प्रगति के संबंध में शिक्षकों से चर्चा करें ।वही पूर्णिमा योगी ने अपने उद्बोधन में यह बताया कि शिक्षक एवं बच्चो को शिक्षण से पूर्व तैयारी करनी चाहिए ।शाला विकास समिति के अध्यक्ष केसर निर्मलकर द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षक के महत्व को बताते हुए आर्यभट्ट एवं एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन संघर्षों को बताते हुए एवं प्रेरक कहानियां के माध्यम से सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया ।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को आंशिक न्योता भोजन कराया गया ।कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में संस्था की वरिष्ठ प्रधान पाठिका नर्गिस कुरेशी ने सभा को सम्बोधित करते हुए एक बच्चे के विद्यार्थी जीवन में माता पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला ।प्रायमरी संस्था प्रमुख अर्चना पचबिये एवं पूरे शाला परिवार में आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रयास चयन परीक्षा हेतु गरियाबंद नगर के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के लिए कोचिंग क्लास संचालित किया गया था जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था ।जिसके परिणाम स्वरूप हमारे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से दीपांशी बौद्ध,भावेश साहू,आर्या देवांगन,चोमेश्वर दीवान,तुषार साहू ,नैतिक कुमार साहू इन छ: विद्यार्थियों का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। शाला परिवार चयनित विद्यार्थियों और उनके परिवार वालों को बधाइयां प्रेषित करता है ।इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके,शाला विकास समिति के अध्यक्ष केसर निर्मलकर,अल्पसंख्यक सदस्य फारूक चौधरी,प्रशांत मानिकपुरी,राधेश्याम सोनवानी,सुजीत कुटारे,ललिता साहू,रजनी टेमुनिया,सुरेखा पटेल,संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध (प्राचार्य ),मिडिल ।रू नरगिस कुरैशी, प्राइमरी ।रू अर्चना पचबिए,कल्पना पटेल,देव माया पाल,राकेश साहू,कमलेश असरानी,कैलाश कोसरे,महिमा तिर्की,किरणनंद,वागेश्वरी कुंजाम,धर्मेंद्र कुमार,रोशनी साहू,पुरूषोत्तम साहू,अंजनी सोम,योगेश्वरी रात्रे,गंगोत्री साहू,हेमंत,लोकेश,योगिता सेन एवम संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहें।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में करोडो का राशि गबन करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में करोडो का राशि गबन करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया ।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के द्वारा माह मई 2024 को थाना मैनपुर में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के अंतर्गत करोड़ो का राशि गबन करने वाले कुल- 11 लोगों के उपर नामजद एफआई.आर. हेतु आवेदन पेश करने पर थाना मैनपुर में आवेदन जांच पर प्रथम दृष्टिया अपराध का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभिरता एवं संवेदनशिलता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के निर्देश एवं अति0 पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की पताशाजी हेतु एसआईटी टीम गठित की गई थी ।एसआईटी टीम प्रभारी सुश्री निशा सिन्हा (स्ष्ठहक्क) व बाजी लाल सिंह एस.डी.ओ.पी मैनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा के साथ आरोपी पताशाजी हेतु एसआईटी टीम को सक्रिय किया गया था।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में कारगिल विजय दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-26/07/2024 कारगिल विजय स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम संस्था की शिक्षिका श्रीमती हन्ना देवी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हिंदी में कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की बहुत बड़ी जीत थी। साल 1999 में कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पकिस्तानी फौज को युद्ध के मैदान में धूल चटा दी थी। कारगिल की लडाई पूरे 60 दिन



तक चली थी और 26 जुलाई 1999 को यह युद्ध खत्म हुआ था। जिसके बाद से इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस युद्ध में भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे और 453 आम नागरिक भी मारे गये थे। यह दिन उस युद्ध में शहीद हुए जवानों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने एक शायरी के माध्यम से अपनी वाणी को विराम दिया। तत्पश्चात् कक्षा-बारहवीं की छात्रा सौम्या बंजारे द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। कक्षा-ग्यारहवीं एवं बारहवीं की छात्रा सौम्या तिवारी एवं वाणीप्रिया तिवारी द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा-छठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा-सातवीं के छात्र आलोक चतुर्थी द्वारा अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा-चौथी के छात्र भविष्य, आशुतोष एवं साथी द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही सात्विकी नामदेव, आरोही पूर्णा एवं प्रतीक द्वारा स्लगोन एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। दोपहर समय में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा देश के वीर जवानों को याद देते हुए अपनी-अपनी बात रखी तथा विजय दिवस के स्मृति के अवसर पर गीत, कविता, शायरी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी ने कहा की हमें अपने वीर जवानों के बलिदान को भूलना नहीं चाहिए तथा अपने समाजिक कर्तव्यों पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती नीलम सिंह एवं हन्ना देवी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टॉफ एवं ग्रुप डी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# गौवंश को सुरक्षित करने पहनाया रेडियम बेल्ट :- रामराज



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नगर में सड़को पर बैठे गौवंश जो रात में बारिस के दिनों में अंधेरा और बारिस होने के कारण दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना होने से चोटिल हो जाते है या चोट गंभीर होने के कारण मृत हो जाते है। इसके रोकथाम के लिए गरियाबंद के स्थानीय श्रीरामराज युवा संगठन एवं पशुधन चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप योजना बना कर शाम को गौ वंशों को उनके गले में रेडियम बेल्ट पहनाया जा रहा है ।शनिवार शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक नगर में कुल 60 गाय,बछड़े,और बैलों को बेल्ट पहनाया गया ।अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने कहा गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाने से रात में वाहनों के लाइट पड़ने से वो बेल्ट चमकेगा जिससे वाहन चालक सावधान हो जाएँगे और अपनी गति धीमी करके सावधानी से निकल जाएँगे इस तरह सड़क पर बैठे गौ माताएँ सुरक्षित हो जाएँगे ।इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में मुख्य रूप से पशु चिकित्सा विभाग के यशवंत साहू,देवेंद्र साहू,वही राम राज युवा संगठन के अध्यक्ष प्रकाश सोनी,आकाश तिवारी,भानुप्रकाश सिंह राजपूत , नवीन सिन्हा,आयुष सोनी,गजानंद नागेश,रोमी सिन्हा , शुभम भोंशले,मुरली सिन्हा,जितेंद्र यादव,दुर्गेश तिवारी , खीरसिंह यादव,हेमन्त सिन्हा,मुकेश सोनी,गोलू भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# शास .आदर्श कन्या शाला दुर्ग में सामुदायिक सहभागिता दिवस गया



**दुर्ग।** शास0आदर्श कन्या शाला दुर्ग में दिनांक 28.07.24 को शिक्षा सप्ताह। के सातवें दिन सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया इस अवसर पर छात्राओं के पालकों को आमंत्रित किया गया शाला की प्राचार्या डॉ. श्रीमती कृष्णा अग्रवाल ने इस अवसर पर शाला में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. विदु ?द्यांजली योजना के तहत जन समुदाय से विद्यादान करने हेतु भी निवेदन किया गया तथा छात्राओं के साथ साथ पालकों को भी साक्षर बनाने की मुहिम चल रही है पालकों को बताया गया कि उल्लास नवभारत सर्वे के द्वारा निरक्षर जन को साक्षर बनाया जाना सुनिश्चित करने हेतु छात्राओं की सहभागिता आवश्यक है, अभी तक लगभग 335 जन को शिक्षकों व छात्राओं द्वारा इस पोर्टल में रजिस्टर किया जा चुका हैं ,विधालय के परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया ताकि पत्रविरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाय, छात्राओं को माता के साथ पौधा लगाने का उद्देश्य उन्हें पौधे से भावनात्मक लगाव उत्पन्ने करना है जिससे वे पौधे से जुड़ाव महसूस कर सकें पूर्णजल संचय को बढ़ावा देने हेतु पालकों को जागरूक किया गया इस अवसर पर पालकों के साथ घर के बड़े बुजुर्गो को भी आमंत्रित कर स्थानीय परिवेश से जुड़ना तथा जानकारी देना सुनिश्चित किया गया।

# पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपामय होगा- हरिनाथ खूँटे प्रदेश मंत्री

### भाजपा लेंध्रा का विस्तृत कार्यसमिति बैठक संपन्न हुआ



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** विधानसभा अन्तर्गत भाजपा मंडल लेंध्रा (बरमकेला) का विस्तृत कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ज़िला भाजपा के वरिष्ठ नेता दुर्गा ठाकुर, प्रदेश मंत्री हरिनाथ खूँटे उपस्थित रहे।

विस्तृत कार्यसमिति बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री हरिनाथ खूँटे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, अभी हुए लोकसभा चुनाव में इस मंडल से भाजपा को लीड मिला यह कार्यकर्ताओं के मेहनत को दर्शाता है। विधानसभा, लोकसभा चुनाव संपन्न हो गये है अब कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में लग जाना है, ग्राम पंचायत के पंच से लेकर ज़िला पंचायत तक भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत सुनिश्चित हो इसकी चिंता करना है।

बैठक को ज़िला भाजपा के वरिष्ठ नेता दुर्गा ठाकुर ने संबोधित करते हुए पार्टी के रीतिनीति को बताया। इस अवसर पर ज़िला महामंत्री भाजपा रामकृष्ण नायक, मण्डल अध्यक्ष भूतनाथ पटेल, महामंत्री अरुण मालाकर, अशोक भोई, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा मोहन पटेल, दयाराम चौधरी, डीडीसी विलास सारथी, जयराम पंडा, खीरसागर पटेल, जोतराम पटेल, चितबोध साहु, भोजराम पटेल, बाबूलाल पटेल, संतराम पटेल, केदार पटेल, नारायण सागर, रामचन्द्र बरिहा, सहोद्रा सिदार, ललिता पटेल, ज्योति श्रीवास, शारदा मालाकर, सोमनाथ गिरी गोस्वामी, नारायण प्रधान सहित मण्डल के समस्त अपेक्षित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं चांपा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का किया निरीक्षण




### कलेक्टर ने सुनी शिविर में नागरिकों की समस्याएं

### कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं नगर पालिका परिषद चांपा में आयोजित जन समस्या निवारण पखवाड़ा का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री छिकारा ने शिविर में पहुंचकर वहां उपस्थित आमजनों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने चांपा में लगाए गए जन समस्या निवारण पखवाड़ा में शामिल होकर शिविर में आवेदन लेकर आये आम नागरिकों से उनकी मांगों एवं समस्याओं को जाना और अधिकारियों को निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री जय थवाईत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सीएमओ श्री भोला सिंह, तहसीलदार श्री पुलकित साहू एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय का किया निरीक्षण-** कलेक्टर श्री छिकारा ने ग्राम पंचायत नरियरा के पटवारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए नामांतरण, सीमांकन एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शत प्रतिशत ई-केवायसी करने और आवेदन लेकर खातेदारों के नाम समय सीमा में जोड़ने कहा अन्यथा सख्त कार्रवाई करने कहा एवं संबंधित तहसीलदार को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# पाटन में मनाई डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती, समाज के महिला और युवा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, जो समाज अपने इतिहास को भूलेगा उसका भविष्य उज्जवल नही हो सकता: भूपेश बघेल

**पाटन ( समय दर्शन )।** छग मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा रविवार को डॉक्टर खूबचंद बघेल को जयंती मनाई गई। इसके साथ ही समाज के युवा और महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज प्रधान युगल आडील ने किया। विशेष रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष पाटन भूपेंद्र कश्यप, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीता राम वर्मा, एम पी वर्मा, पूर्व राज प्रधान जवाहर वर्मा, महेंद्र वर्मा, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष दोमेश्वरी वर्मा सहित अन्य थे। अतिथियों स्वागत राज प्रधान युगल आडिल, सचिव उदय वर्मा, नीलमणि वर्मा, युवा अध्यक्ष राकेश आदिल , महिला अध्यक्ष रंजना वर्मा, अरुण कश्यप सहित सभी पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र प्रधान ने किया। रोहिणी बाई परगनिहा के विषय पर काजल वर्मा ने विस्तार से जानकारी दिया। सरपंच देवादा उर्वशी वर्मा ने राज गीत तथा समाज गौरव गीत का पठन किया।



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के लोगो की संबोधित करते हुए कहा की खेती किसानी काम के बाद भी आप बड़ी संख्या में मौजूद है यही बताता है की डॉक्टर खुबचंद बघेल का जीवनी कितनी सार्थक है। देश की आजादी, समाज सुधार, नारी उत्थान के लिए खूबचंद बघेल ने बहुत अच्छा कार्य किया। उन्होंने छग को कर्मभूमि बनाया। प्रदेश में रहकर उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन की गति दिया। पंक्ति तोड़ो समाज जोड़ो अभियान डॉक्टर खूबचंद बघेल की देन है। छग में भाईचारा का मिशाल कायम है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कुर्मी समाज काफी अग्रणी है। उन्होंने कहा की पृथक छग राज्य की मांग उठाने वाले सबसे पहले व्यक्ति थे खूबचंद बघेल जी। सभी समाज को जोड़ने का ताकत मनवा कुर्मी समाज में है। पूर्व वर्ती कांग्रेस सरकार का बखान करते हुए उन्होंने कहा की शिक्षा, किसान, स्वास्थ्य के लिए बखूबी काम किया। वर्तमान सरकार का सिर्फ एक ही काम किया जा रहा है की सिर्फ जांच करना ओर नाम बदलने का काम कर रहे है।

विशेष रूप से उपस्थित जिला भाजपा के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा की डॉक्टर खूबचंद बघेल हमारे समाज का गौरव है। समाज से सभी बंधे हुए है। मनवा कुर्मी समाज पीछे से नही बल्कि सामने से वार करते है। उन्होंने कहा की समाज गंगा को भी निर्णय लेता है उसके साथ हु। उन्होंने कहा की हमे अपने अधिकार के लिए हमेशा जागरूक होना है।

पाटन राज युवा अध्यक्ष राकेश आडिल के नेतृत्व में उसके अभी पदाधिकारियों को तथा महिला अध्यक्ष रंजना वर्मा के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ के सभी नए नियुक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ट संरक्षक तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ दिलाई। इसके बाद स्वागत भाषण राज प्रधान युगल आडिल ने दिया। उन्होंने अपने विचार भी रखे। उन्होंने कहा की छग मनवा कुर्मी समाज पाटन राज डॉक्टर खूबचंद बघेल के बताए रास्ता पर चल रही है। उन्होंने डॉक्टर खूबचंद बघेल के नाम से स्वास्थ्य योजना लागू भूपेश बघेल के सरकार के समय था। लेकिन अभी वर्तमान सरकार ने इस डॉक्टर खूबचंद बघेल ने नाम को हटाकर शाहिद वीर नारायण के नाम से चलाने के निर्देश दिए है। इससे कुर्मी समाज काफी आहत हुई है। उन्होंने स्वामी आत्मानंद के नाम से संचालित स्कूल का नाम बदलकर पीएम श्री स्कूल रखा गया। यह भी समाज के लिए चिंता का विषय है। मनवा कुर्मी समाज भाजपा और कांग्रेस में बटे रहे तो हमारा समाज टूटता ही जायेगा। कुर्मी समाज अपने मान सम्मान के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने को लिए भी तैयार है।

कार्यक्रम का संचालन राजमंत्री केदार कश्यप ने किया। आभार व्यक्त युवा अध्यक्ष राकेश आडिल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, पार्षद लीलाधर वर्मा, संदीप कश्यप, अरविंद वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा सांतरा, श्यामू वर्मा, केशव बंछोर , प्रकाश बिजोरा,, टिकेंद्र वर्मा, लीलेश वर्मा, भेद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, महिला अध्यक्ष रंजना वर्मा, उर्वशी वर्मा, कामिनी धुरं सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर-खास

### डी'डेकोर के कॉन्शस फैब्रिक ब्रांड संसार ने ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह के साथ नया राष्ट्रीय टीवीसी लॉन्च किया

**नईदिल्ली।** होम डेकोर फैब्रिक्स में अग्रणी डी'डेकोर ने आज अपने नए ब्रांड संसार के राष्ट्रीय रिटेल लॉन्च की घोषणा की। 50 मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों के 350 स्टोर्स में उपलब्ध, संसार कॉन्शस लिविंग के प्रति समर्पित है और मन से तैयार किए गए होम डेकोर फैब्रिक्स की पेशकश करता है। लॉन्च से पहले, संसार ने एक नया टीवीसी लॉन्च किया, जिसमें ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड सुपरस्टार, पावरहाउस रणवीर सिंह 'लिव कॉन्शसली' टैगलाइन के साथ दिखाई दे रहे हैं। यह विज्ञापन संसार की माइंडफुल लिविंग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मेल खाता है। यह उन घरों को दर्शाता है जहां हर चुनाव का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रणवीर सिंह का संसार के साथ जुड़ाव ब्रांड के संदेश को स्पष्ट करता है कि स्टाइल को पर्यावरणीय जागरूकता के साथ सहजता से जोड़ा जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को अपने रहने के स्थान को जिम्मेदारी से सुधारने का अवसर मिलता है। लॉन्च के बारे में टिप्पणी करते हुए, संसार की बिजनेस हेड, संजना अरोड़ा ने कहा, संसार को अपने प्रीमियम, मिनिमलिस्टिक फैब्रिक्स पर गर्व है जो भारत में तैयार किए गए हैं। ये उत्पाद हमारे व्यापक एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख मेट्रो, टियर 1, 2 और 3 शहरों में उपलब्ध होंगे।

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी वॉच7, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा और बड्स3 सीरीज को लॉन्च किया; आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए अभी प्री-बुकिंग करायें

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूकमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपनी नई गैलेक्सी बड्स3, गैलेक्सीई बड्स3 प्रो, गैलेक्सी वॉच7 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा स्मार्टवॉच की प्री-बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी वॉच7 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा ने वियरेबल्सद्व के जरिए और लोगों तक गैलेक्सी एआई की शक्ति को पहुंचाया है। ये प्रोडक्ट्स सभी को सेहत का संपूर्ण अनुभव देने के लिए डिजाइन किये गये हैं। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा - गैलेक्सी वॉच पोर्टफोलियो का सबसे नया और सबसे पावरफुल प्रोडक्ट् है, जिसे जबरदस्त इंटेलिजेंस और क्षमताओं के साथ अगले स्तर के एडवांस्ड फिटनेस अनुभवों के लिए डिजाइन किया गया है। वॉच अल्ट्रा को नए कुशन डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है जिससे इसकी सुरक्षा बढ़ी है और यह दिखने में काफी सुंदर है। यह टाइटेनियम ग्रेड 4 फ्रेम और 1®ATM वाटर रेसिस्टेंस के साथ आता है, जो समुद्र में तैरने से लेकर बेहद चुनौतीपूर्ण पर्यावरणीय स्थिति में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में साइकिल चलाने जैसे आधुनिक फिटनेस गतिविधियों में काम करने में सक्षम है। नए जोड़े गए क्विक बटन के साथ, आप तुरंत वर्कआउट शुरू करते हुए उसे नियंत्रित कर सकते हैं और अपनी जरूरतों के मुताबिक अन्य कार्यों की मैपिंग कर सकते हैं। इसके अलावा, आप सुरक्षा के लिए एक इमरजेंसी सायरन को एक्टिव कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद, आप गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा के लिए विशेष रूप से तैयार वॉच फेसेज में सेहत से संबंधित आंकड़ों पर नजर डाल सकते हैं। 3,000 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा आपको तेज धूप में भी में रीडिंग की सुविधा देता है।

### आदित्य बिड़ला समूह ने आभूषण व्यवसाय की शुरुआत के साथ किया उपभोक्ता खंड का विस्तार

**नई दिल्ली :** आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने आज समूह के आभूषण खुदरा व्यवसाय की शुरुआत की घोषणा की, जो तेज़ी से बढ़ते 6.7 लाख करोड़ रुपये के भारतीय आभूषण बाजार में समूह के प्रवेश को रेखांकित करता है। यह रणनीतिक कदम, महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि समूह अपनी मजबूत ब्रांड इक्विटी और गहरी बाजार अंतर्दृष्टि का लाभ उठाते हुए अपने उपभोक्ता पोर्टफोलियो को मजबूत कर रही है। इंद्रीय ब्रांड के तहत शुरू किए गए आभूषण व्यवसाय का लक्ष्य अगले 5 साल में भारत के शीर्ष तीन आभूषण खुदरा विक्रेताओं में शामिल होना। इस महत्वाकांक्षी उद्यम को 5,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निवेश का समर्थन प्राप्त है, जो भारत में आभूषण खुदरा परिदृश्य में क्रांति लाने के संबंध में आदित्य बिड़ला समूह की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने इस लॉन्च के बारे में कहा, भारतीय उपभोक्ता परिपक्व हो रहे हैं और भारत शायद वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक उम्मीद जगाने वाला उपभोक्ता समूह है। इस साल, हमने पेंट और आभूषण खंड में दो प्रमुख नए उपभोक्ता ब्रांड लॉन्च कर भारतीय उपभोक्ता की गतिशीलता पर दोगुना दांव लगाया है। आभूषण व्यवसाय में प्रवेश करना आकर्षक लग रहा है क्योंकि बाजार अनौपचारिक से औपचारिक क्षेत्र की ओर बढ़ रहा।

# कक्षा 7 से 12वीं तक के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और नगद पुरस्कार, आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड ने किया एंथे 2024 लॉन्च

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्ष पूरे करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा की। एंथे 2024 के लांच के साथ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है।

महान वैज्ञानिक जैसे सर जगदीश चंद्र बसु, जिन्होंने वनस्पति विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया और डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन, जिन्हें भारत की हरित क्रांति का जनक माना जाता है। डॉ. हर गोबिंद खुराना, जिनकी जैव रसायन में की गई खोजों ने आनुवंशिकी को नया आकार दिया और डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, जिनके दूरदर्शी एयरोस्पेस और मिसाइल प्रौद्योगिकी में काम ने एक राष्ट्र को प्रेरित किया। आकाश इसका मार्गदर्शन करने का प्रयास करता है छात्र समर्पण और नवाचार के साथ समान उत्कृष्टता प्राप्त करें। लोकप्रिय और अत्यधिक मांग वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा सातवीं से बाहरवीं तक के छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप और महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे चिकित्सा या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफल करियर के अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च-भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है।

एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगा, जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं।




एईएसएल के सीईओ और एमडी श्री दीपक मेहरोत्रा ने कहा, एंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे 2024 के साथ, हम भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों को विकसित करने और अगले एपीजे अब्दुल कलाम, एचजी खुराना, एमएस स्वामीनाथन और जेसी बोस की तलाश के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू कर रहे हैं जो अग्रणी काम करेंगे और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित करेंगे।

इस बार एंथे अपने 15वें सफल वर्ष का जश्न मना रहा है, और इसके पास श्रेष्ठ उपलब्धियों का एक शानदार रिकॉर्ड है। इन वर्षों में, एंथे के कई छात्रों ने नीट यूजी और जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिष्ठात्मक परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। एंथे के माध्यम से आकाश में दाखिल होने वाले कुछ प्रमुख उपलब्धियां शामिल हैं: ऋषि शेखर शुक्ला (जेईई एडवांस्ड 2024 AIR 25), कृष्णा साई शिशिर (जेईई एडवांस्ड 2024 AIR 67), अभिषेक जैन (जेईई एडवांस्ड 2024 AIR 78) और अन्य। नीट 2023 में हमारे शीर्ष स्कोरर्स शामिल हैं: कौस्तव बौरी (AIR 03), ध्रुव आडवाणी (AIR 05), सूर्य सिद्धार्थ एन (AIR 06), आदित्य नीरज (AIR 27) और आकाश गुप्ता (AIR 28).

एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में, भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा, 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियों के अलावा, शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

एथे ऑफलाइन परीक्षा 20 और 27 अक्टूबर 2024 को आकाश इंस्टीट्यूट के सभी 315+ केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच किसी भी समय लिया दी जा सकती है। छात्र अपने अनुकूल समय में एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं।

एंथे एक घंटे की परीक्षा होगी, जिसमें कुल 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो छात्रों की उनकी कक्षा और विषय विचारों के आधार पर होंगे। कक्षा 7 से 9 के छात्रों के लिए, प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे। कक्षा 10 के छात्रों के लिए चिकित्सा शिक्षा के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे, जबकि इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे। ठीक उसी तरह, नीट के लिए लक्ष्य रखने वाले कक्षा 11-12 के छात्रों के लिए प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और जूलॉजी से संबंधित होंगे, जबकि इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित से संबंधित होंगे।

एंथे 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन परीक्षा के प्रारंभ से तीन दिन पहले और ऑफलाइन परीक्षा के प्रारंभ से सात दिन पहले है। परीक्षा शुल्क दोनों ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के लिए 200 रूपये फीस निर्धारित की गई है। छात्र 15 अगस्त 2024 से पहले पंजीकरण शुल्क पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

एंथे 2024 के परिणाम 8 नवंबर 2024 को कक्षा 10 के छात्रों के लिए, 13 नवंबर 2024 को कक्षा 7 से 9 के लिए, और 16 नवंबर 2024 को कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए घोषित किए जाएंगे।

## सशिमं बागबाहरा में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न



**शंकर लहरे / बागबाहरा ( समय दर्शन )।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती, विज्ञान परिषद, गणित परिषद, वाणिज्य परिषद एवं खेल परिषद का गठन किया गया जिसके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश टोप्पो न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय, बागबाहरा, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में नंदूराम निर्मलकर प्राचार्य एवं विशेष अतिथि हितेश दीवान नाजिर व्यवहार न्यायालय, बागबाहरा उपस्थित रहे।

विभिन्न परिषदों में शिशु भारती से अध्यक्ष खिलेश डागोर, उपाध्यक्ष चित्रांगना नायक एवं सचिव आदिति यादव नियुक्त हुए। बाल भारती से अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष अंजुम परवीन, सचिव दीप्ति यादव, सह सचिव भाग्यश्री चक्रधारी एवं सेनापति कुणाल ध्रुव नियुक्त हुए। किशोर भारती से अध्यक्ष जितेश यादव, उपाध्याय खेमराज साहू, सेनापति रूपेश निर्मलकर, सचिव पुष्पेंद्र सेवई, सहसचिव कामता चंद्राकर, कोषाध्यक्ष दीपक साहू नियुक्त हुए। कन्या भारती से अध्यक्ष भोजवती चक्रधारी , उपाध्यक्ष पौरवी देवांगन, सेनापति गरिमा चंद्राकर, सचिव चेतना निषाद एवं सहसचिव निधि नियुक्त किये गए। इसी तरह से विज्ञान परिषद में अध्यक्ष .कमिनीराज सोनवानी, उपाध्यक्ष रचना व्यवहार, सचिव हर्षिता साहू, सहसचिव चंद्रेश श्रीवास, कोषाध्यक्ष कल्याणी साहू एवं सह कोषाध्यक्ष तारिणी साहू, गणित परिषद में अध्यक्ष बरखा देवांगन, उपाध्यक्ष भेपेश्वरी दीवान, सचिव घनेन्द्रराज दीवान, सहसचिव सोमगिरि गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष कुसुम यादव, वाणिज्य परिषद में अध्यक्ष दीपेश सेन, उपाध्यक्ष युवराज साहू, सचिव सागर ठाकुर, सहसचिव हर्षिता चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष चैतन्य दीवान, खेल परिषद में अध्यक्ष रिंकू देवांगन, उपाध्यक्ष तुकेश बारीक, सचिव समीर नायक, सहसचिव पारेश पटेल एवं कोषाध्यक्ष सक्षम शर्मा को नियुक्त किया गया। इसी तरह से विद्यालयीन व्यवस्था की दृष्टि से शिशु, बाल, किशोर व कन्या भारती के अंतर्गत अन्य विभागों के प्रमुख अनुशासन, चिकित्सा, सांस्कृतिक, स्वच्छता, प्रार्थना, बागवानी, खोया पाया, शारीरिक, बौद्धिक आदि समस्त दायित्ववान भैया/बहनों को व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश श्रीटोप्पो ने शपथ दिलवाई।

उन्होंने सभी भैया/बहिनों को अपने दायित्व के प्रति जागरूक रहने एवं अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करने की बात कही, इसी कड़ी में टोप्पो ने कैरियर गाइडेंस के प्रति भैया/बहिनों को जागरूक करते हुए कानून की पढ़ाई के लिए *छ्रञ्ज* की परीक्षा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर, कार्यालय प्रमुख कौशलचंद्र साहू , परीक्षा प्रमुख अनिमेश कुमार शर्मा एवं सभी आचार्य-दीदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य निर्मलकर द्वारा किया गया।

## विद्यार्थी कारगिल विजय दिवस का संदेश आत्मसात कर शूरवीर व पराक्रमी बनें : पुरोहित

### सशिमं में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**बागबाहरा (समय दर्शन)।** सरस्वती शिक्षा संस्थान के जिला प्रतिनिधि (महासमुंद) और स्थानीय स.शि.मं. संचालन समिति के सदस्य अनिल पुरोहित ने विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों से राष्ट्र-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु तत्पर और सजग होने का आग्रह किया है। पुरोहित शुक्रवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आहूत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरोहित ने कारगिल संघर्ष की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अब यह आवश्यक है कि समाज के सभी वर्ग राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनें। शहीदों को नमन और वीर जवानों का अभिनंदन करने के साथ-साथ भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को आत्मसात करें, यही कारगिल विजय दिवस का मूल संदेश है। पुरोहित ने कहा कि आज हम जितनी भी उपलब्धियां अर्जित कर लें, लेकिन उसका उपभोग हम तभी कर सकेंगे जब हमारा यह राष्ट्र अपने सांस्कृतिक मूल्यों, जीवन मूल्यों, आदर्शों और गौरव प्रतीकों पर गर्व करके एक अखंड और अक्षुण्ण राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखे। पुरोहित ने विद्यालय के आचार्यों, दीदी और सभी अभिभावकों व शुभचिंतकों से भी आग्रह कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण का संस्कार विद्यार्थियों में विकसित करें। पुरोहित ने पाकिस्तान के आतंकी कारनामों व छद् ?म युद्ध की चर्चा करते हुए कहा कि देश आज केवल सीमा और सीमा पार की चुनौतियों से ही नहीं जूझ रहा है, अपितु जातिवाद, साम्प्रदायिक तुष्टीकरण, समाज को बाँटने वाले झूठे नैरेटिव से भी युद्ध कर रहा है और भावी भारत भाग्य विधाता के रूप में विद्यार्थियों की एक ऐसी प्रखर व मुखर पीढ़ी की रचना समय की माँग है जो इस राष्ट्र को स्वाभिमानी, शक्तिशाली और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिक्षण तत्पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षीय आसंदी से अपने संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने भारत-पाक युद्धों और शेख अब्दुल्ला के कारनामों पर प्रकाश डाला और महाराजा हरिसिंह से माफी मांगकर जेल से छूटने का ब्योरा दिया। निर्मलकर ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम, भारत माता, सरस्वती माता व अमर शहीदों के चित्रों के पूजन व दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन बहन सृष्टि साहू व साधना देवांगन ने किया। इस अवसर विद्यार्थी भैया-बहनों व आचार्य-परिवार के साथ-साथ अभिभावक व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सुविधा में कटौती, फसल बीमा भुगतान में देरी

## मेघावी छात्रा को छात्रवृत्ति भुगतान नहीं करने समेत कई मुद्दों को विधायक चातुरी नंद ने शून्यकाल में उठाया

### विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र के कई मुद्दों को लेकर विधानसभा में आवाज की बुलंद

**सरायपाली (समय दर्शन)।** विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में शून्यकाल के माध्यम से सिंघोड़ा स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस को जशपुर भेजे जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने स्थगन में भी इस मुद्दे को उठाया और स्वास्थ्य मंत्री को स्वास्थ्य सुविधा में कटौती ना करके बढ़ोतरी करने का आग्रह किया।

विधायक नंद ने इसी तरह सागरपाली, बिछिया, रोहिना समेत क्षेत्र के कई गांवों के



किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा और फसल बीमा राशि का अब तक भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने 10 वीं बोर्ड में पूरे प्रदेश में 9वें स्थान हासिल करने वाली ग्राम मुंडपहार के रिया साहू को श्रम विभाग द्वारा मेघावी छात्रा छात्रवृति से वंचित होने का मुद्दा भी शून्यकाल के माध्यम से उठाया।

विधायक नंद ने बताया कि क्षेत्र के कई समस्याओं को शून्यकाल के माध्यम से उठाकर उनके यथाशीघ्र निराकरण की मांग की गई हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 10 सड़कों की स्वीकृति बजट में की गई है परंतु इसकी प्रशासकीय स्वीकृति आज तक नहीं दी गई है।

बता दें कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद क्षेत्र के साथ ही विधानसभा में भी बेहद ही सक्रिय रहती है। विधायक नंद की कार्यकुशलता की तारीफ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी कर चुके है।

# छत्तीसगढ़ राजनीति : केंद्रीय बजट पर भाजपा नेता की प्रतिक्रिया : सरिता जायसवाल ने की सराहना, कहा केंद्रीय बजट विकसित भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण

**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** भाजपा नेत्री कसडोल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा श्रीमती सरिता जायसवाल ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आज प्रस्तुत हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का सांतवां बजट दूरदृष्टि और दृढ निश्चय का बजट है। यह सबका बजट है, सबके लिए, सबके विकास का बजट है।

सरिता जायसवाल ने कहा कि इस बजट में कृषि और रोजगार पर सबसे अधिक ध्यान देना इसे ऐतिहासिक बनाता है। छत्तीसगढ़ के लिए सबसे विशेष बात यह है कि जहां 1.52 लाख करोड़ रुपए कृषि क्षेत्र के लिए रखे गए हैं, कृषि क्षेत्र का ऐतिहासिक पैकेज देश में एक नई हरित क्रांति लाकर किसानों को समृद्ध बनाएगा।

सरिता जायसवाल ने कहां कि जनजातीय उन्नत ग्राम योजना लांच हुई है। इससे जनजाति समाज के 63 हजार गांव और 5 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों को इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप और इंटर्नशिप के दौरान पांच हजार रुपए महीना देने का प्रावधान रखा गया है। रोजगार कौशल के लिए 2 लाख करोड़ की स्कीम शुरू की जा रही है। साथ ही मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गई है, जिससे युवाओं को स्टार्ट-अप में मदद मिल सकेगी। इस योजना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। वहीं, बजट में घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक का एजुकेशन लोन प्रावधान किया गया है, जिससे शिक्षा व स्किल को नई ऊंचाई मिलेगी।



सरिता जायसवाल ने कहा कि 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास के लिए प्रस्तावित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के हित में कल्याणकारी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि यह बजट मोदी जी के 2047 में भारत को विकसित बनाने का संकल्प सिद्ध करने वाला बजट है। यह बजट एक आदर्श कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को सामने लाता है। भारत को विकसित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

सरिता जायसवाल ने कहा बजट में कृषि व संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों को वित्तीय सुरक्षा और कृषि के लिए आवश्यक संसाधन मिलेंगे। इसके अलावा 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी, जिससे जमीन संबंधी विवादों का जल्द निपटारा हो सकेगा। उन्होंने कहा कृषि में रिसर्च को ट्रांसफॉर्म करना, एक्सपर्ट की निगरानी, और जलवायु के मुताबिक नई वैरायटी को बढ़ावा देने की योजनाएं छत्तीसगढ़ के किसानों को नई तकनीकों और संसाधनों का लाभ प्रदान करेंगी। सरिता जायसवाल ने कहा, बजट में सरकार द्वारा रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए हैं। 1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर इपीएफओ में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी. नए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन, नियोक्ताओं को सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि बजट में सैलरीड लोगों को बड़ी राहत मिली है। टैक्स स्लैब में बदलाव लाया गया है, इससे करदाताओं को बचत होगी। उन्होंने कहा, बजट में शहरों के क्रिएटिव री-डेवलपमेंट के लिए पॉलिसी लाई जाएगी और पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा करने की बात कही गई है। इसके अलावा बजट में नवाचार, अनुसंधान और विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## संक्षिप्त-खबर

### संत रामपाल का एक दिवसीय सत्संग का आयोजन



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना मे संत रामपाल जी का एक दिवासीय सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष पहुंचे। संत रामपाल जी के अनुयायी प्रोजेक्टर के माध्यम से उनका जीवनदायिनी प्रवचन सुने।

सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने बताया कि पवित्र गीता जी चारों वेद छह शास्त्र 18 पुराण ? का सार है। आध्यात्मिक ज्ञान को समझने के लिए गीता का अध्ययन करें। उन्होंने सत्संग के माध्यम से बताया कि हम अपने अनुयायियों को शास्त्र अनुकूल साधना व भक्ति बताते हैं, जो भक्ति साधना शास्त्रों से मेल नहीं खाती वह भक्ति व साधना करना व्यर्थ है। संत रामपाल जी के अनुयाई मोहन दास, रघुनाथ दास परमानंद दास, गजेंद्र दास, नंदकुमार दास, बाबूलाल दास, श्यामलाल दास आदि ने बताया कि संत रामपाल जी हमें भक्ति मार्ग की शास्त्र अनुकूल साधना बताते हैं। जीव आत्मा 84 लाख योनियों के चक्कर से छूटकर शास्त्र अनुकूल साधना करने से आवागमन से मुक्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि संत रामपाल जी के मुख्य उद्देश्य मानव मात्र को शास्त्रों में वर्णित सद भक्ति प्रदान कराना है। दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करना, छुआछूत मिटाना, देह दान तथा रक्तदान करना पुण्य कार्य है। नशामुक्त समाज का निर्माण करना है ।

### पूर्णानंद मिश्रा बने वि .खं. स्त्रोत समन्वयक



**बसना ( समय दर्शन )।** विकासखंड बसना का नया स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा को बनाया गया है। जो जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद द्वारा आदेशित हुआ है। इससे पहले वे संकुल समन्वयक के पद पर कार्यरत थे। शिक्षा विभाग में जिम्मेदारी मिलने पर उनसे जुड़े शिक्षक, समन्वयक,प्राचार्य सभी खुशी जाहिर कर रहें है। इससे पहले विकासखंड स्रोत समन्वयक के रूप में ललित देवता कार्यरत थे। उसको मूल स्थान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरपेलाडीह में प्रधानपाठक के रूप मे वापस किया गया है। पूर्णानंद मिश्रा ने अपने शैक्षिक कार्यों के दौरान कई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़े है। कई कठिन परिस्थितियों को संघर्ष करके शिक्षक हित में कार्य किये हैं जो उल्लेखनीय है। बीआरसीसी के रूप में एक नये दायित्व के साथ शिक्षा विभाग बसना को एक नई ऊर्जा के साथ काम करने संकल्पित है। पूर्णानंद मिश्रा को बीआरसीसी बनने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, प्राचार्य उग्रसेन पटेल, उत्तर कुमार चौधरी, पंचानंद ठाकुर, दुर्गा पटेल, निर्मलकर, बलदेव मिश्रा, संकुल समन्वयक ब्लॉक अध्यक्ष तिरिथ पटेल, रोहित पटेल, लक्ष्मण पटेल, आरिफबेग, अनिल सिंह साव,वारिस कुमार, डिजेन्द्र कुर्रे, अरुण प्रधान, गजेन्द्र नायक, सुरेश नंद, लोकनाथ खूंटे, पुरन्दर बंछोर, विजय घृतलहरे जिला अध्यक्ष सयुक्त शिक्षक संघ, नीलांबर नायक ब्लॉक अध्यक्ष, शरण दास फेडरेशन संघ ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी समन्वयक व शिक्षकों ने बधाईयाँ देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### स्कूल में किया पौधरोपण



**पाटन ( समय दर्शन )।** इंदिरा नगर प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, पार्षद मनीष देवांगन, शाला विकास समिति के सभी सदस्य सहित वार्ड पार्षद कैलाश देवांगन, मुन्ना पंडरिया ,अनिरुद्ध नाग, सीत विश्वकर्मा ,हरि सिंह सहित शिक्षक गण मौजूद थे।

# मेधावी छात्रा कु. ट्विंकल का साहू समाज ने शाल, श्रीफल, मोमेंटो देकर किया सम्मान

**बसना ( समय दर्शन )।** बंसूला बसना की मेधावी छात्रा जो अजीम प्रेम जी विश्विद्यालय भोपाल मे एकानामी विषय मे चार वर्षो तक स्कालरशिप में अग्रिम शिक्षा हेतु सफलता प्राप्त करने पर बंसूला डीपा निवासी विकास साहू एवं श्रीमती चंद्रकांति साहू की सुपुत्री मेधावी कु.ट्विंकल साहू का सम्मान किया गया।

मेधावी छात्र- छात्रा सम्मान समारोह से छात्रों को काफी उत्साह मिलता है।

तहसील साहू समाज के संरक्षक जन्मजय साव ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि, समाज की मेधावी छात्र छात्राएँ हमारे समाज के गौरव है ।



मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका तैयार कर सकता है। बंसूला परिक्षेत्र अध्यक्ष चन्द्रमणी साव ने कहा कि विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य होते है। इन्हें बेहतर शिक्षा देकर ही हम उन्नतिशील समाज का निर्माण कर सकते है। तहसील साहू संघ बसना के कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि

बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में निर्मित होगी, जो साहू समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संयुक्त सचिव नवीन कुमार साव ने कहा कि, मेधावी बहन कु.ट्विंकल साहू ने यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त की है। ऐसे होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट्र का कल्याण होता हैं।सम्मान समारोह द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर रमेश साव ,श्रवण साव ,उमेश साव ,रूपानंद साव ,गजेंद्र साव पेंड्रावन ,केशव साव पिलवापाली आदि समाजसेवी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बंसुला मिडिल स्कूल मे कारगिल विजय दिवश पर कार्यक्रम

- प्रयास विद्यालय में चयनित बच्चों व पूर्व सैनिकों,शिक्षक व कला जगत के लोगों का किया गया सम्मान

**बसना ( समय दर्शन )।** पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला के दो छात्र सुमित चौहान एवम् प्रिंस कैवर्त का प्रयास विद्यालय कक्षा नवमी हेतु चयन हुआ है।

शिक्षा सप्ताह अंतर्गत कारगिल विजय दिवस के दिन बसना क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं प्रयास विद्यालय मे चयनित बच्चों का सम्मान के साथ बाल केबिनेट शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम को यादगार बनाने बंसूला के कला साधक मानस मण्डली का राष्ट्रगीत,भजन व संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान विद्यालयीन बच्चे भी संगीत के गुर सीखे। कारगिल विजय दिवस पर क्षेत्र के पूर्व सैनिक लोकनाथ डडसेना ,रंगोली आर्टिस्ट शिवा मानिकपुरी, शिक्षा विद सष्टम जार्ज पटेल, शौकीलाल बारीक का भी सम्मान किया गया। सरपंच प्रतिनिधि जन्मजय साव, विद्यालय के पूर्व प्रधान पाठक सष्टम जार्ज पटेल,पूर्व प्र पा शौकीलाल बारीक,प्रख्यात रंगोली आर्टिस्ट शिवा मानिकपुरी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।





प्रधान पाठक दिनेश डडसेना,प्रवीर बेहरा के मार्गदर्शन एवं शिक्षिका सुजाता प्रधान के प्रयास से विद्यालयीन गतिविधियों में रचनात्मक दशा दिशा प्रदान करने पहल हो रही है। पंचायत प्रतिनिधि जन्मजय साव उपस्थित होकर दोनों बच्चों को सम्मानित कर , बाल कैबिनेट के सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं समिति के नए सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन के साथ पूर्व सैनिक बंधुओं का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक दिनेश डडसेना,राजेश भोई, सुजाता प्रधान ,राजेश साव ,समिति के सभी पदाधिकारी गण एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ,अनीता साहू ,सीता मैडम एवं पुष्पांजलि मैडम ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

# अजगरखार के झारउड़ेला मार्ग कीचड़मय बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी



**बसना ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत अजगरखार के झारउड़ेला से मेन रोड की दूरी लगभग एक किलो मीटर है । यहाँ ग्राम से पक्की सडक तक पहुँचने गाँव का मुख्य मार्ग कीचड़मय गंदा पानी जमा होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण सहित स्कूल जाने वाले बच्चों को इन रास्तों से निकलना दूभर हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के बारे में कई बार पंचायत व प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। मिली जानकारी के अनुसार इस रोड में ग्रामीण एवम पंचायत ने मिलकर इस मार्ग में मुरम डलवाया था।

ग्रामीणों ने बताया कि रास्तों मे बने बडे बडे गड्ढों में कीचड़ व पानी जमा होने से मच्छर पैदा हो रहे है, इससे बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी काफी लंबे रास्तों से घूमकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव के रास्तों को सही कराने की मांग लेकर बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के पास जाने की बात कही की है।

आपको बतादे कि, सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाने वाले बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

बच्चों को रोजना इसी कीचड़ से होकर स्कूल आना-जाना पड़ रहा है।

ग्रामीण व पालक बच्चों को लेकर चिंतित हैं ।

ग्रामीणों ने बताया कि वे पंचायत के माध्यम से जनदर्शन व ग्राम स्वराज मेआवेदन कर चुके हैं पर अब तक रोड नही बन पाया है।

ग्रामीण छबीलाल बुडेक, पंचराम नाग, भोलानाथ पटेल, सूरज पटेल, नेहरू भोई, सेतकुमार भोई फड़ीलाल पटेल, उद्धव बुदेक, घसिया लाल पटेल,रेशम बड़ेक, बन्दोबस बिसी, कलपराम ने ग्राम के इस मुख्य मार्ग की परेशानी का हाले बयां कर शासन प्रशासन की अनदेखी का दुख जताया है ।

# मिडिल स्कूल अरेकेल में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन

**बसना ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रथम दिवस में विभिन्न विषयों के टीएलएम बच्चों के द्वारा बनाया गया। शिक्षक द्वारा टीएलएम बनाने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।द्वितीय दिवस एफ एल एन दिवस के रुप में मनाया गया।तृतीय दिवस में शिक्षक प्रेमचन्द साव द्वारा जीवन में खेलों के महत्व को बताते हुए सभी छात्र -छात्राओं को शैक्षिक खे ल, फुग ड़ी, कै र म, क्वी ज प्रतियोगिता, अंताक्षरी आदि खेलों का आयोजन कर सभी छात्रों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को खेल खिलौने से जोड़कर शिक्षण को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा देने का लक्ष्य रखा गया।चतुर्थ दिवस विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शाला नायिका सुहाना दास के नेतृत्व में छात्रों ने छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विरासत एवं एकता, अखंडता को प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी वंदना पर नृत्य,सुआ नृत्य आदि किया गया।पंचम दिवस कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस के रूप में मनाया गया। व्यवसायिक शिक्षा,लोक कला,आईसीटी का उपयोग,क्रिएटिव फोटोग्राफी, शैक्षिक महत्व के मुद्दे पर रील बनाने, कहानी को रिकॉर्ड कर पोडकॉस्ट बनाने, घरेलू कार्य जैसे खाना बनाना,कृषि कार्य,गूगल मैप के बारे में जानना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कारगिल विजय दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन कर वीर सेनानियों, जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया।षष्ठम दिवस मिशन लाइफइको क्लब दिवस के रुप में मनाया गया। विद्यालय में इको क्लब का गठन कर एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्य करवाया गया।जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण,वर्षा जल संग्रहण, ओजोन परत संरक्षण, वृक्षारोपण विषय पर आधारित नाटक,गीत, कविता पाठ सहित सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर वृक्षों को संरक्षित रखने एवं पालन पोषण करने हेतु सभी छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा शपथ लिया गया। पोषण वाटिका तैयार करने हेतु कार्य योजना बनाया गया।सप्तम दिवस सामुदायिक भागीदारी के रुप में मनाया गया। शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम में बाल संसद के सुहाना दास, रमन साव, शिवम् देवांगन, लेसिका साहू, देविका नंदे, उन्नति देवांगन, पल्लवी सिदार, हेमिका,लता साव, देवनारायण, टोमन, रीता सिदार, आरूषि बघेल, वर्षा यादव आदि छात्र - छात्राओं एवं प्रभारी शिक्षक प्रेमचंद साव एवं हीराधर साव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# श्री राम रसोई का निरन्तर जनमानस हेतु शुद्ध भोजन, 10 भोजनशाला पर संचालित



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग शहर मे एक प्रयास श्री राधा कृष्ण मंदिर द्वारा संचालित श्री राम रसोई आज दुर्ग शहर मे एक सेवार्थ सेवा का प्रयास है जिसका उद्देश्य है जो भी जरूरतमंद जनमानस को शुद्ध स्वादिष्ट सात्विक भोजन मात्रा 20 रुपये की राशि पर भरपेट उपलब्ध हो,दोपहर को कामकाजी जन, अध्ययनरत छात्र छात्राओं , मरीज ,बुजुर्ग , जरूरतमंद ,अन्य जनों को उनके निकटतम भोजनशाला पर उपलब्ध हो सके एक प्रयास था *जिसके परिणामस्वरूप शहर मे 10 स्थानों पर निरन्तर संचालित है, बारिश वर्षा के समय पर भी अपने नियत समय स्थान पर जारी है। यह एक प्रयास है जिसे जनमानस की सेवा हो सके, सम्पूर्ण शहर के लोगो के आशीर्वाद सहयोग समर्पण से राम रसोई को 50 दिनों से अधिक हो चुका है प्रारंभ हुए सर्व सहयोग साथ से श्री राम रसोई संचालित हो रही है।

# शिक्षाविद् विवेकानंद दास डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत

- नई दिल्ली में विद्या पीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया

**बसना ( समय दर्शन )।** नई दिल्ली के प्रसिद्ध कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफइंडिया में हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

देश की राजधानी नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित भव्य सम्मान समारोह देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि एवं विद्या वारिधि उपाधि से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य विद्यापीठ के कुलपति डॉ इन्दु भूषण मिश्र 卐 देवेंदु 卐 की अध्यक्षता , अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कथावाचिका सुश्री दीपा मिश्रा उपस्थित रहीं । दुर्ग से आए हुए राष्ट्रीय पर्यावरणविद डॉ विश्वनाथ पानीग्राही ने विशिष्ट सानिध्य प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया।

अतिथियों ने हिन्दी भाषा के विकास



तथा राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने को लेकर अपने विचार प्रकट किए तथा अतिथियों द्वारा देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम 卐 अभियान के तहत पत्रक का विमोचन किया एवं शमी का पौधा क्लब में रोपित किया गया।

पं.दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह विशिष्ट सम्मान प्रतिष्ठित शिक्षाविदों , लेखकों , शिक्षकों, साहित्यकारों , पर्यावरणविदों एवं अन्य विद्वत जनों को हिन्दी लेखन , शिक्षा के उन्नयन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , जल संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर शिक्षा विद,कविहृदय एवं संगीत प्रेमी विवेकानन्द दास, सहायक शिक्षक, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बसना को विद्यावाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों को विद्यापीठ स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से महाराष्ट्र के डॉ शिवाजी रामभाऊ शिन्दे, ओडिसा के डॉ हरि भाई आर्यन , छत्तीसगढ़ के डॉ कुलवंत सिंह सलूजा , मध्य प्रदेश के डॉ राजू गजभिए, उत्तर प्रदेश के डॉ जगदीश पिल्लई , कर्नाटक के डॉ प्रसाद एस. एम आदि उपस्थित रहे । श्री विवेकानन्द दास से डॉक्टर विवेकानन्द दास बनाने के लिए इस उपलब्धि को डॉक्टर विश्वनाथ पानीग्राही जी के मार्गदर्शन एवं डॉक्टर वीरेन्द्र कर जी के सानिध्य को समर्पित किया।

समारोह का संचालन आचार्य पं. जानकी बल्लभ शास्त्री ने किया तथा आभार संदीप शर्मा ने व्यक्त किया। विवेकानंद दास को डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत होने पर उनके ईष्ट मित्र, शिक्षा,साहित्य एवं संस्कृति (कला जगत) से जुड़े सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24